**सुविचार**

कोशिश करना न छोड़ें गुच्छे की आखिरी चाबी भी ताला खोल सकती हैं।

Daily


# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 26 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 129 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

हंसिका ने कास्टिंग काउच की खबरों को बताया झूठा

08

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 61,872.62 |
| निफ्टी | : | 18,321.15 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,715 |
| चांदी | : | 76.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# मैं ओडिशा की हूं, लेकिन मेरे शरीर में बह रहा है झारखंड का खून : PRESIDENT

## खूंटी में आयोजित स्वयं सहायता समूह महिला सम्मेलन में शामिल हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**BUREAU CHIEF RANCHI :** झारखंड दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मन राज्य की प्रतिभाशाली बेटियों ने मोह लिया। गुरुवार को खूंटी में महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सम्मेलन में उन्होंने राज्य की महिलाओं की खूब तारीफ की। कहा झारखंड की महिलाएं काफी परिश्रमी और प्रतिभाशील हैं। बेटियां रानी हैं, परी हैं, देवी, दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती हैं। झारखंड में यमुना टुडू और छुटनी महतो जैसी महिलाएं हैं, जिन्होंने संघर्ष के बूते समाज को नई दिशा दिखाई। खेल के क्षेत्र में झारखंड की बेटियों ने देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खूंटी में आयोजित स्वयं सहायता समूह महिला सम्मेलन शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि मैं ओडिशा की हूं, लेकिन मेरे शरीर में झारखंड का खून बह रहा है। देश की आजादी में खूंटी की धरती पर जन्मे भगवान बिरसा मुंडा के योगदान के साथ-साथ फूलो-झानो को भी उन्होंने याद किया। राष्ट्रपति ने कहा कि झारखंड की महिलाओं में अदम्य शक्ति है। वह पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं। सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान देती हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उन्हें जनजातीय परिवार में जन्म लेने पर गर्व है, क्योंकि उनकी कई परंपराएं हैं, जो किसी और समाज में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि महिला समूह की महिलाओं के चेहरे पर खुशी देखकर वह बेहद प्रसन्न हैं।



खूंटी में आयोजित स्वयं सहायता समूह महिला सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, सीएम हेमंत सोरेन, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व अन्य ● फोटोन न्यूज

## एसएचजी की महिलाओं को देखकर बहुत खुश हूं : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वयं सहायता समूहों को मिलने वाली सुविधाओं की बात की। उन्होंने कहा, महिला समूह के उत्पादों को मैंने देखा। उनके चेहरे की मुस्कान देखी। मैंने पूछा– आपको सालाना कितना मिलता है, आप खुश हैं? उन्होंने कहा –हां। मैं उनके चेहरे को देखकर अपना बचपन याद करने लगी। महिलाओं को देखकर थोड़ी ईर्ष्या में थी। शायद मेरे पास भी वही ज्ञान होता बचपन में। इसके बाद ही वह बचपन की यादों में चली गयीं। राष्ट्रपति ने कहा, गांव से 5–6 किलोमीटर दूर हमारे खेत थे। खेतों की आड़ियों (मेड़) पर महुआ के 22 पेड़ थे। हम रात को दो बजे उठकर महुआ चुनने जाते थे। मेरी दादी ले जाती थी। उन्होंने कहा कि महुआ चुनकर उसे सुखाकर पोटोम बांधकर रखते थे। साल भर में उसमें कीड़ा लग जाता था। कई बार हमारे पास अनाज नहीं होता था, तो हम महुआ को उबालकर खा लेते थे। तब 20–25 पैसे प्रति किलो महुआ बिकता था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज हमारी बहनें उससे केक, लड्डू और अन्य चीजें बना रही हैं। ऊंची कीमत पर उसे बाजार में बेच रही हैं। हमारे पास तब ये ज्ञान नहीं था। हम भी फॉरेस्ट प्रोड्यूस कलेक्ट करते थे, लेकिन उसका मूल्यवर्धन कैसे होगा, इसकी जानकारी हमें नहीं थी। आज सरकार महिला समूहों की मदद कर रही है। आज की महिलाएं सिर्फ धान की खेती पर निर्भर नहीं हैं।

## खूंटी में राष्ट्रपति के भाषण की प्रमुख बातें

- मेरे शरीर में बहता है झारखंड का भी खून
- मंत्री जोबा मांझी जिस घर की बहू उसी घर से थीं मेरी दादी
- अब महिलाएं महुआ से बना रहीं केक और लड्डू
- झारखंड के आदिवासी परिवार दूसरे राज्यों के परिवारों से 2 कदम आगे हैं
- सौभाग्य से इस धरती का राज्यापल बनने का मौका मिला था
- झारखंड की महिलाएं काफी परिश्रमी और प्रतिभाशाली हैं
- महिलाएं देश के आर्थिक विकास में योगदान देने में सक्षम हैं
- बेटी रानी है, परी है, देवी, दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती है
- यमुना टुडू, छुटनी महतो जैसे महिलाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें
- झारखंड की खिलाड़ियों ने देश–विदेश में प्रतिभा का लोहा मनवाया
- भारत का झंडा ऊंचा करने वाली झारखंड की बेटियों पर गर्व है
- खुश हूं कि जनजातीय समुदाय के लोग राजनीति में आगे आ रहे हैं
- अर्जुन मुंडा केंद्र में मंत्री, हेमंत सोरेन सीएम, 28 आदिवासी विधायक हैं
- स्वयं सहायत समूह की महिलाओं के प्रोड्क्ट गुणवत्तापूर्ण
- महिलाओं के चेहरे की मुस्कान देख बहुत खुशी हो रही

## हम आदिवासी भाग्यशाली हैं, न दहेज लेते हैं, न देते हैं : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समाज में दहेज प्रथा नहीं है। हम कितने भाग्यशाली हैं कि हमने इस समाज में जन्म लिया। हम बिना दहेज के बहू लाते हैं, बिना दहेज के बेटी देते हैं। अन्य समाज इसका अनुकरण करना चाहते हैं, लेकिन कर नहीं पाते। राष्ट्रपति ने दहेज को एक राक्षस करार दिया, जिससे सुशिक्षित समाज भी बच नहीं पा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि झारखंड में महिलाओं के नेतृत्व में विकास की नयी गाथाएं लिखी जायेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मुझे महिला और आदिवासी समाज में जन्म लेने पर गर्व है। देश में महिलाओं के योगदान की अनगिनत प्रेरक कहानियां हैं। अर्थव्यवस्था, विज्ञान और अनुसंधान से लेकर खेल व अन्य क्षेत्रों में हमारी बहन–बेटियों ने अमूल्य योगदान दिया है। कितनी ही महिलाएं हैं, जो प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद आगे बढ़ रही हैं। भारत के लोकतंत्र की शक्ति है कि मैं आज आप सबके बीच राष्ट्रपति के रूप में उपस्थित हूं। राष्ट्रपति के रूप में देश भर में शिक्षण संस्थानों के दीक्षांत समारोहों में मैंने देखा है कि हमारी बेटियां, बेटों से अच्छा कर रही हैं। राष्ट्रपति भवन में आयोजित पद्म पुरस्कार हों या अन्य कार्यक्रम, हर जगह मुझे महिलाओं की अदम्य शक्ति का एहसास हुआ है। उन्होंने कहा कि लोगों को सिर्फ सरकार के भरोसे नहीं रहना चाहिए। सरकार उनकी मदद के लिए है, लेकिन आपको खुद भी पहल करनी चाहिए। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद उन्हें देश के सभी राज्यों में जाने का अवसर मिला। बहुत सी महिला समूहों से मिलीं। कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। 26 फीसदी आबादी आदिवासियों की है। यानी 1 करोड़ से अधिक आदिवासी हैं राज्य में। इनमें आधी महिलाएं हैं। झारखंड की महिलाएं सशक्त हैं। ये आत्मनिर्भर हैं और अपने पूरे परिवार को अन्य राज्यों से आगे रखती हैं। यह महिला समूहों की वजह से ही संभव हो पाया है।

## लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू : राज्यपाल राधाकृष्णन



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मोमेंटो देते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णा ● फोटोन न्यूज

**BUREAU CHIEF RANCHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे के दूसरे दिन खूंटी के बिरसा मुंडा कॉलेज में गुरुवार को आयोजित महिला स्वयं सहायता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत की राष्ट्रपति का समस्त झारखंड राज्यवासियों की ओर से बिरसा मुंडा की इस पावन भूमि पर हार्दिक स्वागत व अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संवाद स्थापित करने का काम किया है। वे लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत रही हैं। महिलाओं के लिए बेहतर काम किया है। आज के इस कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति बहुत गर्व की बात है। हमारे समाज में बदलाव देखा जा रहा है। राधाकृष्णन ने कहा कि राज्यपाल बनने के बाद मुझे भी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी के उलिहातू में जाना का मौका मिला, जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। बिरसा मुंडा ने बलिदान देकर देश के लिए एक इतिहास रच दिया। भगवान बिरसा मुंडा एक स्वतंत्र सेनानी थे, जो देश के लिए शहीद हो गए। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने प्रारंभिक और चुनौतीपूर्ण जीवन में भी समाज सेवा की राह को अपनाया और समाज के समक्ष उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। आज के इस कार्यक्रम में हमारी बहनों की इतनी बड़ी तादाद में मौजूदगी झारखंड के भावी विकास के नींव का पत्थर तो है ही, साथ ही झारखंड में महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

## सीएम हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की सरना धर्म कोड लागू करवाने की मांग

**BUREAU CHIEF RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खूंटी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राज्य में सरना धर्म कोड लागू करवाने की मांग की। सीएम राष्ट्रपति से कहा कि आदिवासी समुदाय के जीवन मरण से जुड़ी कुछ मांगें हैं, केंद्र सरकार से इन्हें लागू करने की अनुमति दिलाई जाय। इनमें सरना धर्म कोड को लागू करना। हो, मुंडारी और कुडुख भाषा को 8 वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग शामिल है। साथ ही कहा कि आदिवासी समाज की अस्मिता और पहचान को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है। क्योंकि, यह उनके मान -सम्मान के साथ जुड़ा हुआ है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में सोरेन ने कहा कि आदिवासियों के लिए बनने वाली सभी योजनाएं सिर्फ कागजों पर चल रही हैं। हालांकि, उन्होंने जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के काम की तारीफ की और कहा कि जबसे अर्जुन मुंडा मंत्री बने हैं तबसे वे आदिवासियों के हित के लिए काम कर रहे हैं। साथ ही उम्मीद जताई कि जब तक यह मंत्री रहेंगे झारखंड की सक्रियता बनी रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के लिए केंद्र और राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है लेकिन उसका जो प्रभाव परिलक्षित होना चाहिए, वह नहीं दिख रहा है। आज भी वे अपने पैरों पर खड़ा होने और आय स्त्रोत बढ़ाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। ऐसे में आदिवासी समाज आर्थिक रूप से कैसे समृद्ध हो, इस पर हम सभी को गंभीरता के साथ मंथन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के 22 वर्ष हो चुके हैं लेकिन आदिवासियों के हित में विकास के जो कार्य होने चाहिए, वे नहीं हुए हैं।



खूंटी में कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम हेमंत सोरेन ● फोटोन न्यूज

### वन उपजों के लिए प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के 14 हजार से ज्यादा ऐसे गांव हैं, जो वन उपज से सीधे जुड़े हुए हैं। लाह, इमली, करंज और शहद जैसे कई वन उपज का उत्पादन कर रहे हैं लेकिन उन्हें एमएसपी तय नहीं होने से बाजार मूल्य से काफी कम कीमत मिलती है। यहां बिचौलिया हावी हैं। हमारी सरकार ने सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज फेडरेशन का गठन किया है। इसके माध्यम से उनके वन उपज को एकत्रित किया जाएगा और किसानों को इसका बाजार मूल्य देने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने वन उपज के लिए प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि इस दिशा में जल्द ही किसान मेले का आयोजन होगा और किसानों को इससे संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**BRIEF NEWS**

### बारूदी सुरंग में विस्फोट, केंदू पत्ता तोड़ने गए व्यक्ति की हुई मौत

**CHAIBASA :** टोंटो थाना क्षेत्र के लुईया जंगल में केंदू पत्ता तोड़ने गये एक अधेड़ (50) की नक्सलियों के लगाये बारूदी सुरंग की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना बुधवार रात की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लुईया निवासी काण्डे लागुरी पास के जंगल में पत्ता तोड़ने गया था। उस दौरान लागुरी पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों के बिछाए बारूदी सुरंग की चपेट में आ गया। तत्काल जोरदार धमाका हुआ और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी गुरुवार सुबह पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस पूरी तैयारी के साथ लुईया जंगल गयी है और आगे की जांच कर रही है।

### नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से करवाने को लेकर याचिका

**NEW DELHI :** संसद के नए भवन के इनॉग्रेशन पर विवाद थम नहीं रहा है। कुल 40 पार्टियों में से कांग्रेस समेत 20 विपक्षी पार्टियों ने इसके बहिष्कार का ऐलान किया है। उधर, भाजपा समेत 17 पार्टियों ने सरकार के न्योते को स्वीकार कर लिया है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति से नई संसद का उद्घाटन कराने का निर्देश देने वाली याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि लोकसभा सचिवालय ने राष्ट्रपति को उद्घाटन के लिए आमंत्रित नहीं करके संविधान का उल्लंघन किया है। विपक्ष का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दरकिनार कर प्रधानमंत्री से इसका इनॉग्रेशन कराने का निर्णय न केवल गंभीर अपमान है, बल्कि यह लोकतंत्र पर भी सीधा हमला है। बुधवार को विपक्षी दलों के संयुक्त बयान में कहा गया कि इस सरकार में संसद से लोकतंत्र की आत्मा को निकाल दिया गया है। ऐसे में नए भवन का कोई मतलब नहीं है। आपको बता दें कि नए संसद भवन में 28 मई यानी रविवार सुबह हवन के साथ पूजा होनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12 बजे भवन का उद्घाटन करने वाले हैं। इस मौके पर संसद भवन के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमयोगियों का सम्मान भी किया जाएगा।

### ईरान ने बनाई 2,000 KM रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल

**TEHRAN :** ईरान ने 2 हजार किलोमीटर की रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइल की सफल टेस्टिंग की है। ईरान का दावा है कि ये मिसाइल मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिका और इजराइल के बेस तक पहुंचने में सक्षम है। अमेरिका और यूरोप की तरफ से लगातार विरोध के बाद भी ईरान ने कहा है कि वो अपने मिसाइल प्रोग्राम को विकसित करता रहेगा। ईरान के रक्षा मंत्री मोहम्मदरेजा अश्तियानी ने कहा- ये हमारे दुश्मनों के लिए संदेश है कि हम हर हाल में अपनी रक्षा करेंगे। वहीं हम अपने दोस्तों को बताना चाहते हैं कि क्षेत्र में शांति के लिए हम हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। ईरान की स्टेट न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि खैबर नाम की ये मिसाइल 1500 किलोग्राम तक का वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। आईआरएनए के मुताबिक, इस मिसाइल को फारस की खाड़ी में गश्त करने वाले युद्धपोतों और पनडुब्बियों पर तैनात किया गया है।

### वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर देहरादून-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस का किया शुभारंभ

## वंदे भारत ट्रेन देश की राजधानी को देवभूमि से और तेज गति से जोड़ेगी : PM MODI





वर्चुअल माध्यम से वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन करते पीएम ● एजेंसी

**AGENCY DEHRADUN** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देवभूमि उत्तराखंड को देहरादून-दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) वंदे भारत एक्सप्रेस की नई सौगात दी। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर देहरादून-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखंड के समस्त रेल मार्गों के लिए विद्युतीकरण की सौगात भी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली और देहरादून के बीच चलने वाली यह ट्रेन देश की राजधानी को देवभूमि से और तेज गति से जोड़ेगी। इसकी सुविधाएं सफर को आनंददायक बनाने वाली हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वे बाबा केदारनाथ के दर्शन करने गये थे, तो दर्शन के बाद अनायास ही उनके मुख से पंक्तियां निकली थीं कि ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उत्तराखंड आज जिस तरह से कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है, वह बहुत सराहनीय है। यह इस देवभूमि की पहचान को संरक्षित करने के लिए भी अहम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप भी उत्तराखंड का विकास करना होगा।

## एक करोड़ के मादक पदार्थ के साथ तीन को एटीएस ने दबोचा

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड एटीएस की टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को बरकाकाना रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एम्फैटेमिन पाउडर (कोकीन का विकल्प) 750 ग्राम, 45 ग्राम ब्राउन शुगर, 350 ग्राम हेरोइन मिक्स क्रिस्टल, 10 हजार नगदी, एम्फैटेमिन पाउडर बरामद किया गया है। एटीएस की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सभी आरोपी भोपाल- कोलकाता एक्सप्रेस से मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे है। सूचना पर तीनों आरोपियों को बरकाकाना स्टेशन से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार के बक्सर निवासी लालबाबू चौबे (71), बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले स्थित हरदा निवासी मीरा चौधरी (45) और पार्वती देवी (65) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तीनों आरोपी भोपाल से बंगाल मादक पदार्थ ला रहा था। आरोपी वर्षों से मादक पदार्थ तस्करी में शामिल है। एटीएस की टीम गिरफ्तार आरोपी से पुछताछ कर रही है।



आरोपियों के पास से बरामद सामान

# संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति को आमंत्रित नहीं करना अपमानजनक : SUPRIYO

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 28 मई को संसद के नए भवन का उद्घाटन होना है। इस देश में राष्ट्रपति हैं लेकिन उद्घाटन में वह आमंत्रित नहीं है। यह अपमानजनक है। क्योंकि, राष्ट्रपति अपने आप में एक संस्थान है। संसद का अंग है लेकिन उनको वहां जाने की अनुमति नहीं है। वहां प्रधानमंत्री जायेंगे, जो एक संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधि और संसदीय दल के नेता हैं।


पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते सुप्रियो भट्टाचार्य। ● द फोटोन न्यूज

भट्टाचार्य गुरुवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान में राष्ट्रपति की गरिमा है। भाजपा के हृदय में ना उनके प्रति आदर है ना ही सम्मान। सिर्फ आदिवासी गौरव दिवस से नहीं होता है। जहां गौरव है वहां से वंचित क्यों किया जाता है। यह कौन सी नयी परंपरा शुरू हो रही है। क्या भाजपा बता पायेगी। क्या यह शोभनीय और संवैधानिक है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने झूठ की तारीफ राष्ट्रपति से संसद में कराते हैं और प्रत्यक्ष तौर पर उनको अपमानित करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग हैं, जिनको लोकतंत्र में आस्था है। हमलोगों ने उस कार्यक्रम का बहिष्कार किया है, जिस संसद में राष्ट्रपति का अभिनंदन नहीं होगा उस कार्यक्रम से खुद को दूर रखेंगे। इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय में भी प्रार्थना की गयी है।

## जगरनाथ महतो की जगह उनके पुत्र या पत्नी को बनाया जाए मंत्री : मथुरा महतो

**RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के (झामुमो) विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनके पुत्र या उनकी पत्नी को मंत्री बनाया जाए। उनके परिवार से ही कोई विधायक बने और फिर मंत्री बने। विधायक गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि उनका पूरा समर्थन जगरनाथ महतो के परिवार के साथ है। महतो ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जगरनाथ महतो के स्थान पर मुझे मंत्री नहीं बनना है। जगरनाथ महतो के निधन के बाद रिक्त हुए मंत्री पद पाने की लाबिंग करने की बात को उन्होंने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं उनकी जगह नहीं ले सकता हूं। इस तरह की अफवाहों में कोई दम नहीं है।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं गांवों को बनाएं रोजगार का केंद्र : अर्जुन मुंडा

**PHOTON NEWS KHUNTI**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को खूंटी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर राष्ट्रपति को पाकर हम सभी अत्यंत आह्लादित हैं। भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय के मंत्री के रूप में राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। आपके आगमन से हम सभी गौरवान्वित हैं।


केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की फाईल फोटो।

उन्होंने कहा कि महिलाएं सशक्त हों, यह मोदी सरकार की मंशा है। बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ के मूल मंत्र के साथ काम हो रहा है। मुंडा ने अपील किया कि महिलाएं गांवों को रोजगार का केंद्र बनायें। उन्होंने कहा कि सुदूर गांवों में रहने वाली महिलाओं को रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों से जोड़ने का काम चल रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और जीवनयापन में कैसे वृद्धि हो यह मंत्रालय कर रहा है। हम इस अभियान को आंदोलन का रूप देंगे। भगवान बिरसा मुंडा आंदोलन के समय अंग्रेजों ने यहां के लोगों के हिसाब से कानून बनाने के लिए बाध्य किया, उन्हीं के आंदोलन के फलस्वरूप सीएनटी एक्ट बना।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि खूंटी के 254 गांव को आदर्श ग्राम बनाने का निर्णय लिया गया है। केंद्र सरकार ने समस्त गांवों को वन क्षेत्र के प्रबंधन और संरक्षण की जिम्मेवारी दी है। इसी में फॉरेस्ट राइट एक्ट भी है और इसे पुनः संरक्षित करने का काम भारत सरकार कर रही है। हाई कोर्ट ने भी कहा था कि जंगल के प्रबंधन का अधिकार वहां रहने वाले लोगों का है और भारत सरकार इसपर काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि रोजगार के साथ सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की जरूरत है। राष्ट्रपति को महिलाओं ने वनोपज दिया। यह इसलिए भी है कि इन आदिवासी महिलाओं के बच्चे को भी न्याय मिले। ट्रिपल आईटी में उनके भी बच्चे पढ़ें। नई शिक्षा नीति में क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता दी गयी है। 71 एकलव्य मॉडल स्कूल दिया गया। यह जल्द से जल्द शुरू हो, यह राज्य सरकार तय करे। हमारी पहचान जल, जंगल और जमीन है। बिरसा मुंडा का बलिदान भी जल, जंगल, जमीन के लिए हुआ।

# मुख्यमंत्री की पहल पर वृद्ध महिला को मिला पेंशन

**PHOTON NEWS RANCHI**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद लातेहार के महुआडांड़ स्थित ग्वालखाड़ गांव की वृद्ध महिला लालो कारवाईन को मई माह तक के वृद्धा पेंशन का भुगतान कर दिया गया है। अब भविष्य में बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंस के माध्यम से पेंशन का भुगतान किया जाएगा। साथ ही लालो कारवाईन समेत गांव के सभी लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने एवं गांव को मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि लालो कारवाईन वृद्धा पेंशन के लिए पांच दिनों से प्रज्ञा केंद्र चक्कर लगा रही है। बायोमैट्रिक काम नहीं करने के कारण पेंशन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। दूरस्थ गांव से उसे भार में उठाकर पिछले पांच दिनों से प्रज्ञा केंद्र लाया जा रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त लातेहार को मामले की जांच कर लालो कारवाईन को पेंशन तथा उनके परिवार को अन्य जरूरी योजनाओं से जोड़ते हुए सूचित करने, ग्वालखाड़ गांव को मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित करने एवं योजनाओं के अधिकार से कोई वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

# किसानों के हितों के प्रति राज्य सरकार संवेदनशील : माधव भंडारी

**AGENCY MUMBAI**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष माधव भंडारी ने कहा कि किसानों के हितों के प्रति राज्य सरकार संवेदनशील है। इसी वजह से मानसून करीब आते ही राज्य के किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने संवेदनशील निर्णय लिया है। इससे किसानों को लाभ होगा।


माधव भंडारी की फाईल फोटो।

माधव भंडारी ने गुरुवार को मुंबई में पत्रकारों को बताया कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक, बीज मिले, इसके लिए राज्य सरकार ने नियोजित योजनाओं के साथ ही फसली ऋण देने में अड़चन पैदा करने वाली बैंकों के खिलाफ उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्रवाई करने का आदेश दिया है। भंडारी ने कहा कि आगामी खरीफ सीजन के लिए किसानों के हित में विभिन्न उपायों को प्रभावी ढंग से लागू कर किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद मिले, इसके लिए कृषि विभाग की गुणवत्ता नियंत्रण टीम तैयार हो रही है। किसानों की किसी भी शिकायत का फौरन निवारण किया जाने वाला है। इस बार पहली बार किसानों को कृषि संबंधित चीजों के मार्गदर्शन के लिए कृषि विभाग का साथ मिलने वाला है। भंडारी ने कहा कि फर्जी बीज व घटिया खाद बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ ही जरूरत पड? पर ऐसे लोगों के लाइसेंस रद्द करने की तैयारी भी सरकार ने की है। इसकी वजह से किसानों को जहां अच्छे बीज, खाद मिल सकेगी, वहीं कृषि ऋण वितरण को गति मिलेगी और किसानों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी।

माधव भंडारी ने बताया कि इस बार खरीफ सीजन में बुआई के लिए अनुमानित क्षेत्र 58.28 लाख हेक्टेयर रहने वाला है। इसमें कपास की फसल के तहत 41.68 लाख हेक्टेयर, सोयाबीन की फसल के तहत 49.11 लाख हेक्टेयर, धान की फसल के तहत 15.91 लाख हेक्टेयर, मक्का की फसल के तहत 9.10 लाख हेक्टेयर और दलहनी फसलों के तहत 20.53 लाख हेक्टेयर क्षेत्र नियोजित है। इस खरीफ सीजन के लिए 19.23 लाख क्विंटल बीज की आवश्यकता पड़ेगी। महाबीज, राष्ट्रीय बीज निगम, निजी उत्पादकों के माध्यम से 21.77 लाख क्विंटल बीज किसानों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। यह आवश्यकता की तुलना में 113 प्रतिशत अधिक है। इस तरह से राज्य सरकार ने किसानों की बीज की जरूरत को पूरा करने की तैयारी पूरी कर ली है।

पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता शिवराय कुलकर्णी, मीडिया विभाग प्रमुख नवनाथ बन, मीडिया विभाग सह संयोजक ओमप्रकाश चौहान उपस्थित थे।

# पूर्वोत्तर में भाजपा सरकार की नीतियों के कारण विकास की मुख्यधारा में लौट रहे हैं युवा : मोदी

**AGENCY NEW DELHI**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पूर्वोत्तर के युवा भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के कारण बड़ी संख्या में विकास की मुख्यधारा में लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में असम आज शांति और विकास के नए युग का साक्षी बन रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी वीडियो संदेश के माध्यम से असम रोजगार मेला को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज पूर्वोत्तर में बड़ी संख्या में युवा विकास की मुख्यधारा में लौट रहे हैं। भाजपा की सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर देकर हम नए भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फाईल फोटो।

प्रधानमंत्री ने असम सरकार में नौकरियों के लिए भर्ती हुए युवाओं और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने पिछले महीने बिहू के अवसर पर राज्य की अपनी यात्रा को याद किया और कहा कि असमिया संस्कृति के महिमामंडन के प्रतीक भव्य आयोजन की स्मृति अभी भी उनके दिमाग में ताजा है।

उन्होंने कहा कि आज का रोजगार मेला असम में युवाओं के भविष्य के प्रति गंभीरता को दशार्ता है। इससे पहले भी असम में रोजगार मेले के जरिए 40 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। आज लगभग 45 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गये हैं और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रधानमंत्री ने कहा, असम शांति और विकास का एक नया युग देख रहा है और विकास की इस गति ने असम में सकारात्मकता और प्रेरणा का प्रसार किया है। उन्होंने कहा कि असम सरकार ने सरकारी भर्तियों को और ज्यादा पारदर्शी बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के लिए असम सीधी भर्ती आयोग (असम डायरेक्ट रिक्रूटमेंट कमीशन) बनाया गया है।

आगे उन्होंने कहा कि पहले की प्रक्रिया के कारण कई भर्तियां समय पर पूरी नहीं हो पाती थीं, जहां हर विभाग के अलग-अलग नियम होते थे और उम्मीदवारों को अलग-अलग विभागों के लिए अलग-अलग परीक्षाओं में शामिल होना पड़ता था। इन सभी प्रक्रियाओं को अब बहुत आसान बना दिया गया है।

आजादी के अमृत काल की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी ने अपने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। अमृतकाल के ये अगले 25 वर्ष आपके सेवा काल के भी उतने ही अहम हैं। हर सामान्य नागरिक के लिए अब आप ही असम सरकार का चेहरा होंगे। आज हमारा समाज तेजी से आकांक्षी (एस्पिरेशनल) होता जा रहा है और कोई भी नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए इंतजार नहीं करना चाहता।

## बजरंग दल के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

# बजरंग दल को बैन करने वालों के मंसूबे कभी नहीं होंगे पूरे : NEERAJ DONERIA

**AGENCY BIJNAUR**

बजरंग दल पर बैन लगाने की मांग करने वालों की अराजकता, अन्तर-राष्ट्रीय गतिविधियां, लव जिहाद, लैंड जिहाद, गौ हत्या, गौ तस्करी, के सामने बजरंग दल चुनौती बनकर खड़ा है, इससे इस्लामिक जेहादी भयभीत हैं। जो लोग बजरंग दल को बैन की मांग करते घूम रहे हैं, वह समझ लें उनके मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। यह बात गुरुवार को बजरंग दल के प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग कृष्णा इंस्टिट्यूट गोलबाग में दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने अपने संबोधन में कही।


प्रशिक्षण वर्ग में शामिल कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

बिजनौर गोलबाग कृष्णा इंस्टिट्यूट में 23 मई से 30 मई तक विश्व हिन्दू परिषद ने बजरंग दल का प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजित है। प्रशिक्षण वर्ग में बजरंग दल के कार्यकर्ता शारीरिक व बौद्धिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में बजरंगियों को संबोधित करते हुए बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने देश, धर्म, संस्कृति के खिलाफ षड्यंत्र रचने वालों पर गरजते हुए कहा कि इनके मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। भारत माता के सम्मान व धर्म के सामने जो भी आएगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। भूलना नहीं चाहिए भारत का इतिहास पराक्रम का इतिहास है। पहले भी हमारे पूर्वजों ने विदेशी आक्रमणकारियों को उखाड़ कर फेंका है और अब फिर इस्लामिक जेहादी के नापाक मंसूबे बजरंग दल उखाड़ कर फेंकेगा।

उन्होंने कहा कि लव जिहाद जैसी गतिविधि को बजरंग दल रोकने के लिए चट्टान के लिए खड़ा है। बजरंग दल पर बैन की मांग करने वाले समझ ले बजरंग दल मां भारती, गौ रक्षा, लव जिहाद, लैंड जिहाद, विदेशी फंडिंग आदि गतिविधियों को देश से जड़ से उखाड़ने के लिए ही कार्य कर रहा है। बजरंग दल के शिकंजे से बौखलाहट अभी और बढ़ने वाली है।

उन्होंने चेताते हुए कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास राजा सोहेल देव, महा राणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराजा के पराक्रम को पढ़ले इन्हीं पराक्रमी, शूरवर, योद्धाओं का खून हमारी रगों में दौड़ रहा है। उन्होंने कहा बजरंग दल का कार्यकर्ता अपने को झोंक कर देश के लिए कार्य करता है, यह बात आज किसी से छिपी भी नहीं है। शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में मेरठ प्रांत से आये प्रत्येक जिले के कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस दौरान विश्व हिन्द परिषद के प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौधरी, बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक विकास त्यागी, सह संयोजक गौरव भटनागर, वर्ग सर्व व्यवस्था प्रमुख विभाग मंत्री मनोज शर्मा, विभाग संयोजक आशीष बालियान विभाग संगठन मंत्री बृजेश कुमार, जिला मंत्री अनिल कुमार आदि विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## BRIEF NEWS

### जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्री रामेश्वर उरांव ने सुनीं लोगों की समस्या

**LOHARDAGA :** कैरो प्रखंड मुख्यालय में विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने गुरुवार को जनसुनवाइ कार्यक्रम का आयोजन किया। मंत्री प्रखंड के ग्रामीण जनता की समस्याओं से अवगत हुए। जनसुनवाई कार्यक्रम में डॉ. रामेश्वर उरांव ने आमजनों की समस्या को सुना। जनसुनवाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से 2008-9 में 11 करोड़ की लागत से अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का संचालन,ग्राडीह में पेयजल समस्या सहित अंचल कार्यालय , राशन कार्ड में सुधार,आयुष्मान कार्ड, वृद्धा पेंशन, पेयजल, पथ निर्माण,जमीन से जुड़े समस्या, आवास योजना आदि समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के लिए संबंधित विभागई पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्री के द्वारा लगभग 80 राशन कार्ड का वितरण लाभुकों के बीच किया गया।

### आदिवासियों के सम्मान और संस्कृति के लिए साथ मिलकर चला जाए: राजेश ठाकुर

**RANCHI :** आदिवासी प्रदेश कांग्रेस कमेटी की गुरुवार को कांग्रेस भवन रांची में चेयरमैन जोसाई मार्डी की अध्यक्षता में संगठन सशक्तीकरण को लेकर बैठक हुई। मौके पर प्रदेश कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जन समस्याओं पर मुखर होकर काम कर रही है। आदिवासी कांग्रेस कमेटी का गठन इसलिए हुआ ताकि आदिवासियों के सम्मान और संस्कृति के लिए साथ मिलकर चला जाए। उन्होंने उपस्थित आदिवासी नेताओं से आह्वान किया कि राजनीति एक सेवा कार्य है अतः आदिवासी कांग्रेस को मजबूत बनाइए एवं आदिवासी समाज की सेवा करिए। कांग्रेस पार्टी हमेशा आदिवासी के साथ खड़ी रही है। जरूरत है आदिवासी कांग्रेस प्रखंड से लेकर पंचायत तक आदिवासी को संगठन से जोड़ने का कार्य करें। आदिवासी का विश्वास सदैव कांग्रेस पार्टी के प्रति दृढ रहा है। झारखंड में आदिवासी कांग्रेस संगठन की नियमित बैठक सुनिश्चित करते हुए अविलंब जिला एवं प्रखंड स्तर तक आदिवासी कांग्रेस को सशक्त बनाने का कार्य करें। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि आदिवासियों को केवल चुनावी राजनीति नहीं वरन संगठन के नेतृत्वकर्ता के रूप में समाज की बेहतरी के लिए कार्य करने की जरूरत है। आदिवासी कांग्रेस कमेटी के प्रदेश चेयरमैन जोसाई मार्डी ने कहा कि राज्य के आदिवासियों की जन समस्याओं पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ चर्चा हुई है। जितने भी आदिवासियों की जन समस्या है उसे कांग्रेस पार्टी निदान करेंगी। निर्णय लिया गया कि 16 जून को रांची में आदिवासी कांग्रेस द्वारा प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जून माह के अंत तक सभी जिलों में आदिवासी कांग्रेस का गठन किया जायेगा। तत्पश्चात सभी जिलों में जिला स्तरीय आदिवासी कांग्रेस का सम्मेलन होगा। मौके पर कांग्रेस के संजय मरांडी, अनूप लकड़ा, विल्सन टोपनो, सरायकेला जिला से अजीत पॉल कुजूर, चितरंजन मुर्मू, संदीप खलखो बंसत सुरीन आदि शामिल थे।

### मुंबई के झोपड़ाधारकों को ढाई लाख में घर देगी सरकार: देवेंद्र फडणवीस

**MUMBAI :** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई के झोपड़ाधारकों को सरकार की ओर से ढाई लाख रुपये में पक्का घर दिया जाएगा। सरकार की ओर से शुरू की गई यह पुनर्वसन आवास योजना एक जनवरी, 2000 से एक जनवरी 2011 तक के झोपड़ाधारकों के लिए लागू की जाएगी। इस निर्णय से लाखों झोपड़ाधारकों को उनके सपने का पक्का घर मिल सकेगा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्होंने 7 सितंबर, 2018 को एक सर्कुलर जारी किया था लेकिन 2019 में उनकी सरकार चली गई, इसलिए इस योजना पर काम नहीं किया गया था। उस समय उन्होंने सर्कुलर जारी कर एसआरए योजना के तहत झोपड़ाधारकों को पक्के घर के मूल्य निर्धारण का आदेश जारी किया था। अब उनकी सरकार वापस आने के बाद उन्होंने इस बाबत अधिकारियों के साथ चर्चा कर निर्णय लिया है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस निर्णय से मुंबई का चेहरा बदल जाएगा और झोपड़ाधारकों को पक्के मकान भी मिल जाएंगे। इससे झोपड़ाधारकों के जीवन में भी बदलाव आएगा।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में पूर्वोत्तर में शांति आई है : अमित शाह

**GUAHATI :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्षों के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हर तरफ शांति व्याप्त हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों की मृत्यु दर में यहां 81 प्रतिशत की कमी आई है। चाहे वह बोडोलैंड का उग्रवाद हो या फिर डिमा हसाउ, कार्बी आंगलोंग या फिर चाय जनजाति से संबंधित हर तरह के उग्रवाद पर अंकुश लगा है। गुमराह होकर इन संगठनों से जुड़े लोग हथियार छोड़कर शांति के मार्ग पर लौट आए हैं। यही वजह है कि आज असम और पूरे पूर्वोत्तर भारत का विकास तेजी से हो रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने देश में जो एक कार्यप्रणाली का खाका खींचा है उसी का नतीजा है कि आज असम के 45 हजार बेरोजगार युवक-युवती बगैर एक रुपये खर्च किए हुए नौकरी पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहले सबार्नंद सोनोवाल और अब डॉ हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में राज्य उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगली बार वे जब असम आएंगे तो एक लाख लोगों को नौकरी देने का वादा पूरा करने की घोषणा पूरी हो चुकी होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने आज नौकरी पाने वाले युवक-युवतियों से अपील की कि वे जिस किसी भी विभाग में जाएं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करें, ताकि देश के गरीब से गरीब लोगों को सेवा दी जा सके। गृह मंत्री ने कहा कि आप युवाओं के परिश्रम और ईमानदारी से असम और पूरा देश आगे बढ़ेगा।

नए संसद भवन के मुद्दे पर कांग्रेस तथा विपक्षी पार्टियों को लताड़ते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब भी कोई नया काम करते हैं तो कांग्रेस उसमें अड़ंगा लगाती है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने दो-दो बार दो तिहाई बहुमत से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री चुन कर भेजा है लेकिन कांग्रेस जनता द्वारा चुने हुए इस प्रधानमंत्री को कार्य करने से लगातार रोकने में लगी रहती है। कांग्रेस ने देश के प्रधानमंत्री को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अस्वीकार कर लोगों ने भाजपा को स्वीकार कर लिया है।

### कॉमनवेल्थ खेलों में घोटाले के चलते हमने गवां दिया दुनिया पर धाक जमाने का मौका: प्रधानमंत्री

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल 2022 के उद्घाटन की घोषणा की। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने पिछले नौ सालों में खेल क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत होने की बात कही। उन्होंने कहा कि खेल समाज को सशक्त करने का एक माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दौरान पिछली सरकारों की खेलों के प्रति उदासीनता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसका सबसे बड़ा उदाहरण कॉमनवेल्थ खेलों में हुआ घोटाला है। उन्होंने कहा कि इसके चलते हमने दुनिया पर धाक जमाने का एक मौका खो दिया। उन्होंने कहा कि इसी उदासीनता के चलते युवा खेलों को कैरियर बनाने की नहीं सोचते थे। वहीं गांव और गरीबी से आने वाले युवा का आगे बढ़ना मुश्किल होता था। अभिभावक भी बच्चों को खेलों को कैरियर बनाने के प्रेरित नहीं करते थे। इसी के चलते देश ने कई प्रतिभाओं को खो दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले नौ सालों में देश में खेल के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के चलते लोगों का दृष्टिकोण बदला है। अब यह आकर्षक प्रोफेशन के तौर पर देखा जा रहा है। इसमें खेलो इंडिया अभियान ने बड़ी भूमिका निभाई है। अब खेल का बजट नौ साल पहले के मुकाबले तीन गुना हो गया है। अधिक से अधिक युवा खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं।

# TECHNOLOGY का उपयोग गरीबों के उत्थान में होना चाहिए : द्रौपदी मुर्मू

## रांची में ट्रिपल आईटी के दीक्षांत में शामिल हुईं राष्ट्रपति, विद्यार्थियों के बीच बांटीं उपाधियां

**BUREAU CHIEF RANCHI :** गुरुवार को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हुईं। मौके पर महामहिम राष्ट्रपति 2019-23 सत्र के बीटेक के 102 छात्र, 2021-23 सत्र के एमटेक के 6 छात्र और पीएचडी के एक छात्र को डिग्री प्रदान किया। समारोह में बीटेक के 2 ब्रांच कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के टॉपर विद्यार्थियों के बीच एक-एक गोल्ड व एक-एक सिल्वर मेडल प्रदान किया। वहीं, एमटेक के दो ब्रांच- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ईसीसी विद स्पेशलाइजेशन इन एंबेडेड सिस्टर एंड आईओटी के टॉपरों को एक-एक गोल्ड मेडल भी दिया। रांची ट्रिपल आईटी का यह दूसरा दीक्षांत समारोह है. ट्रिपल आइटी रांची के दूसरे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग गरीबों के उत्थान में करें। उन्होंने कहा कि अनुसंधान के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है। साथ ही वैश्विक चुनौतियों और पर्यावरण में हो रहे बदलाव की दिशा में भी कार्य करें। उन्होंने टॉपरों को उपाधियां समेत गोल्ड और रजत मेडल प्रदान किया। समारोह में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष अरुण जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने डिग्री पाने वाले छात्रों को शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी पहली प्राथमिकता है। हमारे छात्र इस संस्थान से बेहतर होकर बाहर निकलें ताकि, अपने कार्यों की बदौलत अपना और अपने संस्थान का नाम रौशन करें। समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं।



भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के दीक्षांत समारोह में छात्रा को डिग्री देतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू • फोटोन न्यूज




ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, सीएम हेमंत सोरेन, राज्यपाल व अन्य • फोटोन न्यूज

### राष्ट्रपति ने टॉपरों को किया सम्मानित

- गोल्ड मेडल (सीएसइ)–सविता नंदन
- इसीइ–शिवांगी सांगवान
- एमटेक (सीएसइ)– विभा
- इसीइ– अंकिता कुमारी
- बेस्ट गर्ल मेडल– शिवांगी सांगवान
- इंस्टीट्यूट मेडल– शिवांगी सांगवान
- बैच इंस्टीट्यूट मेडल–अंकिता कुमारी
- सिलवर मेडल (सेकेंड रैंक–सीएसइ)–चार्मी आशीष मेहता
- सेकेंड रैंक(बीबीबी)–सत्यम कुमार
- बीटेक स्टूडेंट शील्ड–चार्मी आशीष मेहता

## देश के विकास में नवाचार और अनुसंधान जरूरी : MURMU

राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विकास में नवाचार और अनुशंधान जरूरी है। इससे नये डिजाइनों और अभिनव को विकसित किया जा सकता है। भारत में उच्च शिक्षण संस्थान अपने शोध को आगे बढ़ायेंगे। नवाचारों के माध्यमों से नागरिकों का कल्याण करेंगे। प्राद्योगिकी का उपयोग सामाजिक न्याय के लिए किया जाना चाहिए। आधुनिक और किफायती तकनीक आने से डिजिटल लिटरेसी में सुधार हो रहा है। भारत की डिजिटल इकोनोमी में कई देशों को मार्ग दिखा रही हैं। क्या हम पहले सोंच सकते हैं कि डिजिटल करेंसी के माध्यम से हम साग-सब्जी खरीद सकते हैं। किसी ने यह नहीं सोचा था कि टेक्नोलाजी के जरिये महिलाएं एक बेहतर उद्यम बन सकती हैं। भारत के जीडीपी में टेक्नोलाजी का योगदान दो प्रतिशत से कम था, वह नौ फीसदी हो गया है। इंटरनेट का पेनीट्रेशन बढ़ा है। छोटे शहरों में रहनेवाले युवक डाटा साइंटिस्ट, पर्यावरण वैज्ञानिक और अन्य नये क्षेत्रों में जाना चाहते हैं। एक लाख से अधिक स्टार्ट अप इकोसिस्टम तैयार किया जा चुका है। टेक्स्ट स्टार्टअप इको सिस्टम को और गति दे रहे हैं। आम लोगों तक यह तकनीक पहुंचनी चाहिए, जिससे सभी का समेकित विकास होगा। आपको अपनी सोंच ओर काम में होलिस्टिक एप्रोच अपनाना होगा।

## डिजिटल स्किल्ड यूनिवर्सिटी खोलेंगे : CM HEMANT



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का है। ढेरों कंपनियां, कई सारे उदाहरण आपके जेहन में हैं, बिल्कुल मानव रहित, मशीन ऑपरेटेड काम करा रही हैं। मोबाइल बनाने से लेकर भारी वाहन मशीनों से बन रहे हैं। पहले स्किलड मजदूर इन उद्योगों को चलाते थे। अब प्रतिस्पर्द्धा का दौर है। उसी लिहाज से व्यवस्थाएं भी खड़ी हो रही हैं। बेहतर शिक्षा आपको ट्रिपल आइटी से मिली है। आगे के सफर में यह शिक्षा आपके लिए उपयोगी साबित होगी। इसी कड़ी में हमलोगों ने निर्णय लिया है। हमलोग स्किल डेवलपमेंट चला रहे हैं। एक डिजिटल स्किल्ड यूनिवर्सिटी बनायेंगे। यहां कम पढ़े लिखे नौजवानों को तकनीकी शिक्षा देकर उन्हें रोजगार से जोड़ेंगे।

## छात्राएं हर दिशा में परचम लहरा सकती हैं : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति कहा कि यह राष्ट्र का एक सम्मानित संस्था है। कुल 10 मेडल और शील्ड विजेताओं में आठ छात्राएं हैं। एक छात्रा ने तीन मेडल प्राप्त किया। ओवरऑल परफार्मर भी छात्रा रही। जो अच्छी बात है। इन छात्राओं को देख कर आगे ट्रिपल आइटी में भी एडमिशन बालिकाएं लें। छात्राएं हर दिशा में अपना परचम लहरा सकती हैं। अपने स्थापना के कुछ वर्ष में ही संस्थान के छात्रों और फैकल्टी ने ज्ञान संरक्षण को स्थापित किया है। ट्रिपल आइटी रांची में स्टेट ऑफ आर्ट प्रयोगशाला है। क्वांटम कंप्यूटिंग की पढ़ाई यहां हो रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर उच्च गुणवत्तावाले शोध पर प्राथमिकता की बातें कही गयी है। स्टार्टअप, इंक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से इनोवेशन और नवाचार को बढ़ावा दिया जाये। ट्रिपल आइटी एक बेहतर इंक्यूबेशन सेंटर बनायेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के युग में पहुंच रहे हैं। इसका सर्वोत्तम उपयोग करके इफीशियेंसी बढ़ानी होगी। आप अधिक रचनात्मक और संवेदनशील कार्यों पर काम कर पायेंगे। दिव्यांग, सीनियर सिटिजन तथा अन्य की सहायता के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करें। आप अपनी प्रतिभा और रूची के साथ आगे बढ़ें। हमेशा कुछ नया सीखें और जो भी करें, उसमें उत्कृष्टता को आगे बढ़ायें। देश की संस्कृति और विरासत को भी जानें। देश को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। क्लाइमेट चेंज भी हो रहा है। कम सुविधा संपन्न लोगों के जीवन में आइटी का उपयोग करें। ऐसे कार्य जरूर करें, जिससे दूसरों का जीवन बेहतर बने। युवाओं में समाज और राष्ट्र को बदलने की व्यापक क्षमता होती है। हम युवाओं को सही दिशा

## गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में अपनी शिक्षा का करें उपयोग : राज्यपाल



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि ट्रिपल आइटी के स्टूडेंट्स का पैकेज बेहतर हो रहा है। 20 लाख से बढ़ कर अब 80 लाख तक पहुंच गया है। देश के बहुत सारे विद्यार्थी हैं, जो भारतीय प्रबंधन संस्थान और आइआइटी में प्रवेश नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा है कि कई मेधावी छात्रों को आइटीआइ में भी जगह नहीं मिलती है। कैरियर बनाने के लिए एजुकेशन के आदर्शों को स्थापित करें। गरीबी उन्मूलन के कार्यक्रमों में भी शिरकत करें। ट्रिपल आइटी के बच्चों की सलाना आय चार गुना बढ़ गयी है। आप लोग इस संस्थान के राजदूत हैं। सभी अतिथियों का स्वागत ट्रिपल आइटी के निदेशक अरुण जैन ने किया।

## BRIEF NEWS

### महिला ने की खुदकुशी जांच में जुटी पुलिस

**RANCHI :** धुर्वा थाना क्षेत्र के पटेल फील्ड एरिया स्थित अपने घर में गुरुवार को अमन प्रसाद की पत्नी मधु कुमारी (21) ने खुदकुशी कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक वर्ष मुंबई में रहने के बाद मधु रांची आई थी। उसके पति मुंबई में रहते हैं। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मधु के परिजनों को भी सूचना दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक मधु चार दिन पहले ही अपने पति, जो मुंबई में नौकरी करते हैं, से मिलकर रांची लौटी थी। रांची आने के बाद मधु को अपने मायके जाना था, लेकिन उससे पहले ही उसने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उस समय मिली जब गुरुवार सुबह मधु के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। परिवार के लोगों ने जब दरवाजा खटखटाया तब भी अंदर से बंद दरवाजा नहीं खुला। अनहोनी की आशंका होने पर परिवार के सदस्यों ने जब खिड़की खोल कर कमरे के अंदर झांका तब घटना की जानकारी मिली। डेढ़ साल पहले ही मधु की शादी हुई थी।

### राष्ट्रीय सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप: क्वार्टर फाइनल में हार कर झारखंड बाहर

**RANCHI :** 18 से 28 मई तक बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राउरकेला में आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ झारखंड बाहर हो गया। गुरुवार को झारखंड और मध्य प्रदेश के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें मध्य प्रदेश ने 6-3 से झारखंड को हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। झारखंड की ओर से जोलेन टोपनो, बिक्रम सोरेंग और घुरान लोहरा ने 1-1 गोल किए। मध्य प्रदेश के आशिर आदिल खान ने 4 गोल किया। जिसके लिए उन्हें बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

### 23 अगस्त से खेलगांव में राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग का होगा आयोजन

**RANCHI :** राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन खेलगांव, होटवार में 23 अगस्त से 27 अगस्त तक होगा। विधायक और राष्ट्रीय किक-बॉक्सिंग प्रतियोगिता के आयोजक समिति के अध्यक्ष मथुरा प्रसाद महतो ने गुरुवार को रांची में इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रांची को इतने महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है जो काफी सुखद पल है। इस प्रतियोगिता में लगभग 1800 खिलाड़ी और 200 टेक्निकल ऑफिशियल अधिकारी भाग लेंगे। 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के प्लेयर्स और अन्य भी इनमें शामिल हैं। इस खेल के आयोजन के लिए बैठक की जा रही है। सभी खिलाड़ियों को कैसे बेहतर से खाना मिल सके, रहने के लिए जगह मिले, इन सभी चीजों के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी खिलाड़ियों को हर व्यवस्था उपलब्ध करायी जाएगी जिससे उन्हें प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। उद्घाटन और समापन समारोह में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा स्पीकर, खेल मंत्री और अन्य कैबिनेट मंत्री भी शामिल होंगे। मथुरा प्रसाद महतो के मुताबिक इस आयोजन को भव्य तरीके से किया जायेगा। 22 अगस्त से टीमें रांची पहुंचेंगी। 23 अगस्त को वेट मेडिकल व फिटनेस की जांच के बाद खिलाड़ियों को खेलने दिया जायेगा।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## अपहृत नाबालिग सकुशल बरामद, अपहरणकर्ता फरार

### नाबालिग के पिता ने 22 मई को दर्ज कराई थी प्राथमिकी

**CRIME REPORTER RANCHI :** जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने एक अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया है। नाबालिग से दुष्कर्म होने आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापे मारी कर रही है। इस संबंध में जगन्नाथपुर थाने की पुलिस ने सीडब्ल्यूसी रांची को भी सूचना दे दी है।

पुलिस में आसिफ नामक युवक के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी नाबालिग के पिता ने 22 मई को दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में बताया गया था कि नाबालिग पुत्री 21 मई से लापता है। वह अपनी बड़ी बहन के साथ कबाड़ चुनती थी। 21 मई को भी वह कबाड़ चुन आई थी। इसी दौरान आसिफ नाम का एक युवक बाइक से आया और उसे साथ घर पहुंचाने की बात कर अपने साथ ले गया। नाबालिग घर नहीं लौटी तब उसकी बड़ी बेटी ने आसिफ से पूछताछ की। आसिफ ने पहले तो नाबालिग की बड़ी बहन के साथ बदसलूकी की। आसिफ ने कहा कि छोटी बहन को जैसे गायब किया है, उसी तरह उसे भी गायब कर देगा। बाद में पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बरामद कर लिया।

**आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी**

थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मेडिकल बोर्ड गठन कर नाबालिग का मेडिकल कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को कोर्ट में उसका बयान दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस आसिफ की गिरफ्तारी के लिए उसके घर और अन्य संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### टीवीएनएल और एनटीपीसी में खराबी के कारण कम मिल रही बिजली

**RANCHI :** राज्य के कुछ हिस्सों में बिजली संकट अब भी जारी है। जहां राजधानी रांची में राष्ट्रपति दौरे को लेकर कुछ इलाकों में बिजली मे सुधार देखी जा रही है। जबकि अन्य इलाकों में निश्चित अंतराल में कटौती जारी है। वहीं, अन्य जिलों में स्थिति जस की तस है। टीवीएनएल में लीकेज की खराबी के कारण राज्य में बिजली आपूर्ति प्रभावित है। एनटीपीसी चतरा में भी तकनीकि खराबी आ गयी है। दोनों ही प्लांट से राज्य को मिलने वाली 150-150 यूनिट बिजली प्रभावित हो गयी है। जिससे कुछ इलाकों में लोड शेडिंग जारी है। हालांकि झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो गुरूवार शाम से ही ये समस्या हुई है। जिसके बाद सेंट्रल पुल से मिली बिजली से काम चलाया गया है। सेंट्रल पावर एक्सचेंज से मिलने वाली बिजली से भी देर रात स्थिति सामान्य की गयी। निगम की मानें तो दोनों पावर प्लांट में स्थिति जल्द ही ठीक की जायेगी।

## पंडरा में बाउंड्री गिराकर भाग रहे पांच लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### 20 लाख मांग रहे थे रंगदारी, केयरटेकर के पॉकेट से छीन लिए 2500 रुपये

**CRIME REPORTER RANCHI :** पंडरा ओपी क्षेत्र में गुरुवार को मो शकील की जमीन पर की गयी चहारदीवारी गिराकर भाग रहे पांच आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए आरोपियों में पंकज कुमार, विक्की यादव, नकुल लोहरा, धनेश्वर और राहुल शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से घातक हथियार, दस मोबाइल फोन समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। मारुति वैन भी जब्त किया है। घटना को लेकर मो. शकील की जमीन के केयरटेकर द्वारा पंडरा ओपी में शिकायत दर्ज करायी गयी है। इस घटना में शामिल अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।



आरोपियों द्वारा पंडरा ओपी क्षेत्र में गिराई गई बाउंड्री • फोटोन न्यूज

**घातक हथियार से लैस 50-60 लोग आये थे :** केयरटेकर द्वारा थाना में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि मैं हर रोज की तरह अपने मालिक की भूमि पर कार्यरत था। इसी दौरान गुरुवार की सुबह 4 बजे के करीब 50 से 60 की संख्या में लोग हरवे-हथियार से लैस होकर आए। वे लोग इस जमीन पर बनी चहारदीवारी तोड़ने लगे। जब मैंने इसका विरोध किया, तो मेरी हत्या का प्रयास किया गया। मेरे पॉकेट से जबरन 2500 रुपये छीन लिया गया। धमकी दी कि पिछली बार बताया गया था कि इस जमीन पर काम करना चाहते हो, तो 20 लाख रुपये रंगदारी देना होगा। फिर भी तुम और तुम्हारे मालिक लोगों को समझ नहीं आ रहा है। तुम लोग जितनी बार काम करोगे, हमलोग उतनी बार बाउंड्री तोड़ देंगे। सुधर जाओ और 20 लाख रुपये रंगदारी दो, तभी इस जमीन पर काम करने की सोचना। मैं वहां से जान बचाकर भागा और इसकी जानकारी पंडरा ओपी और स्थानीय ग्रामीणों को दी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहुंच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के द्वारा कहा गया है कि रिकी यादव और शोएब अंसारी के कहने पर हमलोग इस घटना को अंजाम देने आए थे। इस घटना को अंजाम देने के लिए 30 हजार रुपये दिये गये थे। बाकी पैसे बाद में देने की बात कही गई थी। केयरटेकर द्वारा दर्ज शिकायत में कहा गया है कि अगर पुलिस सही समय पर नहीं पहुंचती, तो हमारी हत्या कर दी जाती।

### पिछले दो दिनों में रांची में चार डिग्री सेल्सियस तक की हुई गिरावट, आज भी हो सकती है बारिश

## दोपहर बाद हुई बारिश से नहीं मिली गर्मी से राहत

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची समेत आस पास के इलाकों में गुरूवार दोपहर बारिश हुई। जहां दोपहर दो बजे के बाद रांची में बारिश हुई। वहीं इसके बाद कुछ इलाकों में धूप देखा गया। हालांकि राजधानी रांची के साथ ही इस दौरान दुमका, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा में भी बारिश हुई। तपती गर्मी के साथ ही बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत तो नहीं मिली लेकिन उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। पिछले दो दिनों के दौरान रांची के तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 26 मई तक झारखंड में बारिश होगी। साथ ही कुछ इलाकों में हल्के से माध्यम दर्ज की बारिश के साथ साथ वज्रपात और ओलावृष्टि होने की भी संभावनाएं है। विभाग ने बताया है कि राज्य के उत्तर पूर्वी जिलों में बारिश के आसार है। जहां ओलावृष्टि भी होगी। इस क्षेत्र में देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा जिला शामिल है। जहां 25 और 26 मई को ओला वृष्टि की जानकारी दी गयी है।

**बिजली रही गुल :** आधे घंटे हुई बारिश के कारण राजधानी रांची समेत आस पास के इलाको में घंटों बिजली गुल हो गयी। जहां दोपहर तीन बजे के बाद अधिकांश इलाकों में बारिश नहीं हुई। इसके बाद भी बिजली गुल रही। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इन इलाकों में रातु रोड, पंडरा, कांके, बरियातु, होटवार, कचहरी, मोरहाबादी, अशोक नगर, अरगोड़ा, कोकर, नामकुम समेत अन्य इलाके शामिल है। जहां घंटों बिजली गुल रही।

**गिरेगा तापमान :** विभाग की माने तो आने वाले तीन दिनों के दौरान राज्य के तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। जहां तीन दिनों के भीतर तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक तापमान में कमी दर्ज की जायेगी।

## डीजी सीआईडी से दलालों के चंगुल में फंसी लड़की को मुक्त कराने की गुहार

**CRIME REPORTER RANCHI :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के डीजी अनुराग गुप्ता से सिमडेगा जिले की नाबालिग लड़की को दिल्ली के दलालों के चंगुल से छुड़ाकर सकुशल वापसी को लेकर अनुरोध किया गया है। इस संबंध में बाल अधिकार कार्यकर्ता बैजनाथ कुमार ने सीआईडी डीजी को गुरुवार को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि कोलेबिरा थाना अंतर्गत रसिया गांव की महिला फुलमनी बागे की नाबालिग पुत्री को दलालों द्वारा बहला-फुसला कर छह वर्ष से दिल्ली में बंधक बना कर रखा गया है। उसे काफी प्रताड़ित किया जाता है। इस संबंध में महिला फुलमनी देवी ने कहा कि उनकी बेटी के पास मोबाइल फोन नहीं है। एक सप्ताह पूर्व बेटी ने अपने एक दोस्त के फोन से सारी जानकारी मुझे दी। बैजनाथ कुमार ने पत्र में कहा है कि नाबालिग लड़की के परिजनों ने कोलेबिरा थाना में लिखित आवेदन दिया था।

## DC की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**PHOTON NEWS RAMGARH**

अवैध खनन के विरुद्ध हो रहे कार्यों को लेकर वृहस्पतिवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनक टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।



खनन टास्क फोर्स की बैठक करती उपायुक्त व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे ने खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने वैसी एजेंसिया जिनके द्वारा नियमित रूप से खनन संबंधित प्रतिवेदन नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है उनके महाप्रबंधकों सहित अन्य अधिकारियों को ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अवैध मुहानों से हो रहे खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों एवं जिला खनन पदाधिकारी को इस पर विशेष ध्यान देते हुए मुहानों को बंद करने का कार्य सही तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर आवश्यक जांच अभियान चलाने एवं अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु की गई कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पीयूश पांडे ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्रों में सजग रहकर साइकिल से हो रहे कोयले के अवैध परिवहन पर विशेष ध्यान देने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वैसे स्थान जहाँ अवैध रूप से कोयला को एकत्रित किया जा रहा है उसे चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में अवैध रूप से हो रहे हैं बालू के परिवहन पर रोक लगाने हेतु की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को योजनाबद्ध तरीके से इस संबंध में कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, अंचल अधिकारियों, एजेंसियों के महाप्रबंधकों/प्रतिनिधियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने मिनी वाटर एटीएम का किया उद्घाटन

**RAMGARH :** नगर परिषद, रामगढ़ द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर, रामगढ़ में लगाए गए मिनी वाटर एटीएम का गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने उद्घाटन किया। इस दौरान उपायुक्त ने मिनी वाटर एटीएम की विशेषताओं की जानकारी लेने के उपरांत वाटर एटीएम का सफल संचालन कर जिलेवासियों को इससे लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब हो कि व्यवहार न्यायालय परिसर में मिनी वाटर एटीएम लगाए जाने के उपरांत आम जनों को 3 रु में 500 मिलीलीटर, 5 रुपये में 1 लीटर तथा 7 रुपये में 2 लीटर की दर से पेयजल उपलब्ध होगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, नगर प्रबंधक नगर परिषद, रामगढ़ प्रीतम कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## जुबिली कॉलेज में झारखंड राज्य खुला विवि का अध्ययन केन्द्र स्थापित करने की मिली अनुमति

**PHOTON NEWS RAMGARH**

विनोवा भावे विश्वविद्यालय अन्तर्गत स्थायी संबद्धता प्राप्त जुबिली महाविद्यालय में झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र स्थापित करने की अनुमति मिली है। इससे कॉलेज परिवार सहित कोयलांचल में हर्ष का माहौल है।

गुरूवार को जुबिली कॉलेज में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने बताया कि रामगढ़ जिले में यह पहला केंद्र है जिसमें कम शुल्क में विद्यार्थियों को तकनीकि शिक्षा प्रदान की जायेगी। इसमें कोई भी विद्यार्थी, प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मी व व्यवसायी भी अपना नामांकन करा सकते हैं। वैसे कर्मचारी जो अपनी सेवा में प्रमोशन पाना चाहते हैं वे भी व्यवसायिक पाठ्यक्रम में नामांकन लेकर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस विश्व विद्यालय द्वारा 29 व्यवसायिक पाठ्यकम जिसमे 7 सर्टीफिकेट, 17 डिप्लोमा एवं 5 पीजी डिप्लोमा व्यवसायिक पाठ्यक्रम चलाई जायेगी। इसमें ई. कॉमर्स, अमानत एवं सर्वे, मास कम्यूनिकेशन, ग्रामीण विकास, डिजीटल मार्केटिंग, हेल्थ सेनेटरी इन्सपेक्टर, नेचुरोपैथी, नर्सरी टीचर ट्रैनिंग, डिप्लोमा इन मेनेजमेण्ट, योगा व आईटी प्रमुख है।

उन्होंने बताया कि आगे स्नातक एवं स्नातकोतर का सामान्य पाठ्यक्रम भी इसमें शामिल किये जायेंगे। इन व्यवसायिक पाठ्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में कौशल विकास कर उन्हें रोजगार से जोड़ना है। इस पाठ्यक्र की पढ़ाई दूरस्थ शिक्षा (डिस्टेंश एजुकेशन) की प्रक्रि के तहत केवल शनिवार एवं रविवार को पढ़ाई होगी। महाविद्यालय से संपर्क कर पाठ्यक्रम में नामांकन की जानकारी विद्यार्थी ले सकते हैं। प्रेस कांफ्रेंस में प्राचार्य एनके तिवारी, डॉ. एके सिंह झा, डॉ. महेंद्र पांडेय, प्रो. देवप्रकाश प्रसाद, आदि शामिल थे।

## खूंटी में 4720 राउंड गोली और हथियार बरामद, दो उग्रवादी ललित शर्मा और शिवनारायण गिरफ्तार

**PHOTON NEWS KHUNTI**

खूंटी पुलिस ने पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के छिपा कर रखे गए भारी मात्रा में गोली और हथियार बरामद किया है। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तोरपा थाना क्षेत्र के कोटेगार और गोहारोम में छिपा कर रखे गए 4720 राउंड जिंदा गोली, 35 पीस डेटोनेटर, छह पिस्टल का मैगजीन समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। इस दौरान पुलिस टीम ने दो सक्रिय पीएलएफआई उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में ललित शर्मा और शिवनारायण सिंह शामिल हैं।


बरामद गोलियां। ● द फोटोन न्यूज

खूंटी एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि दो सक्रिय उग्रवादी सुप्रीमो दिनेश गोप द्वारा छिपाये कारतूस, विस्फोटक समेत अन्य सामानों को दूसरे जगह पर छिपाने जा रहा है। इसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए उस जगह पर छापेमारी कर दोनों को पकड़ लिया और उनकी निशानदेही पर गोली और विस्फोटक को बरामद किया है।

उल्लेखनीय है कि 21 मई को पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप दिल्ली से गिरफ्तार हुआ था। उसके ऊपर झारखंड पुलिस ने 25 लाख और एनआइए ने पांच लाख का इनाम घोषित किया था।

## तेज बारिश के दौरान वज्रपात से दो मजदूरों की मौत, दो गंभीर

**PHOTON NEWS PALAMU**

पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में गुरुवार को राहत के साथ आफत भी आई। बारिश से जहां भीषण से राहत मिली, वहीं वज्रपात होने से दो मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति चिंताजनक बताई गई है।

दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी चलने लगी। इसके बाद बारिश हुई। इस दौरान वज्रपात भी हुआ, जिससे दो मजदूर उमेश चन्द्रवंशी (50) और नकुल चन्द्रवंशी (50) की मौत हो गई। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने आनन फानन में दोनों को हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने देखने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जबकि वहीं गम्भीर रूप से घायल शिवशंकर साव (45 ) और रामजी साव (55) का इलाज किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला गांव निवासी उमेश चन्द्रवंशी, नकुल चंद्रवंशी, शिवशंकर साव व रामजी साव गांव में एक आहर का निर्माण कार्य में लगे हुए थे।

## जनसेवकों की हड़ताल जारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों का भी मिलने लगा है स्वतः स्फूर्त समर्थन

**PHOTON NEWS RAMGARH**

जनसेवकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के 17वें दिन अब विभिन्न सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिलने लगा है। इसी क्रम में रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के धनंजय कुमार पुटश जी धरना स्थल पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि उन्हें हड़ताली जनसेवकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल की सूचना विभिन्न माध्यमों से मिली। उनके जनता के सरोकार वाले अनेकों कार्यों के सिलसिले में प्रखण्ड कार्यालय, रामगढ़ आना जाना होता था। जनसेवकों के कार्य में रहने से होने वाली सुविधाओं का विस्तार से चर्चा करते हुए उनकी मांगों को गंभीरता से सुन कर बतलाया कि ग्रेड पे में इस प्रकार अवांछित छेड़छाड़ कर जनसेवकों को हड़ताल में जाने के लिए बाध्य कर दिया गया, जो सर्वथा अनुचित है।



धरने में शामिल जनसेवक संघ के लोग। ● द फोटोन न्यूज

जनसेवकों के हड़ताल में जाने के कारण जनता को आने वाली समस्याओं के विषय में संघ को अवगत कराते हुए माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय कृषि मंत्री तक जनसेवकों के न्यायोचित मांग को अपने स्तर से रखते हुए शीघ्र हड़ताल खत्म कराने का आग्रह का भरोसा दिलाते हुए हर प्रकार से सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनसेवकों की जायज मांगों के साथ-साथ आम जनता को हो रही परेशानी से भी माननीय मुख्यमंत्री जी और कृषि मंत्री को अवगत कराया जाएगा।

मौके पर मौजूद जनसेवक श्री संदीप कुमार ने बताया कि सरकार की सम्मान बचाने और अपने विभाग के कार्यों के अतिरिक्त बिना किसी अतिरिक्त लाभ के अन्यान्य विभागों में अतिरिक्त कार्य करने के चक्कर में परिवार को समय नहीं दे पाते हैं और अब ग्रेड पे कम होने से परिवार की समस्याएं और बढ़ेंगी, कम वेतन मिलने से अनेक प्रकार के समस्याओं का सामना करना होगा। अतः माननीय मुख्यमंत्री से अनुरोध होगा कि जल्द से जल्द मामले को संज्ञान में लेकर पूर्व की भांति 2400 ग्रेड पे लागू किया जाए। यदि संभव हो तो पूर्व की भांति चूंकि जनसेवक एक तकनीकी पद माना जाता है है, 4200 ग्रेड पे किया जा सकता है तो किसान और कृषि के हित में करना चाहिए।

आज प्रत्येक जिला के धरना स्थल से जिला के प्रतिनिधियों का झारखंड राज्य सेवक संघ के राज्य कार्यकारिणी के साथ ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगे की रणनीति पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

धरना में अजीत कुमार गुप्ता, उमेश कुमार, महादेव महतो, विकास प्रसाद, विनीता सिंह, उपेंद्र कुमार, छत्रधारी महतो, ज्ञानी प्रताप भारती, त्रिलोकी नाथ महतो, संजीव करमाली, जॉर्ज टुडू, परमानंद कुमार, विकास कुमार, संदीप कुमार, सुमित कुमार सिन्हा आदि शामिल रहे।

## सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य सतीश सिन्हा ने सीसीएल अस्पताल का किया दौरा


अस्पताल का निरीक्षण करते सतीश सिन्हा व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH**

अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महासचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा ने गुरूवार को सीसीएल आदर्श क्षेत्रिय अस्पताल भुरकुंडा का दौरा किया। इस दौरान सतीश सिन्हा ने अस्पताल में बने एसी कैंटीन सहित बिजली, पानी आदि दिये जाने वाले अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। जिसमें कई खामियां पाई गई। इतनी गर्मी में भी एक्सरे रूम में पंखा का काम न करना व पानी की भी समुचित व्यवस्था न होना आदि कमियां पाई गई। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि आने वाले समय में यह कैंटीन मजदूरों को कई सुविधा प्रदान करेगी। किसी भी हाल में अस्पताल में कमियां बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि मरीजों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मौके पर बरका-सयाल क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एचके सिंह, डॉ. नदीम, क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, क्षेत्रीय सह सचिव सनी कुमार सिंह, शेखर सरकार, राजेंद्र उरांव, गणेश राम, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थें।

## वरिष्ठ नागरिक संगम, RAMGARH का सातवां वार्षिकोत्सव संपन्न

# विशिष्ट वरिष्ठ जनों को उनकी योग्यता व उपलब्धियों के लिए पुष्प गुच्छ एवं अंग-वस्त्र देकर किया गया सम्मानित

**PHOTON NEWS RAMGARH**

वरिष्ठ जनों के कल्याण एवं उनके अनुभवों के आधार पर समाज को आलोकित करने वाली प्रतिष्ठित संस्था वरिष्ठ नागरिक संगम, रामगढ़ का सातवां स्थापना दिवस समारोह गोला रोड स्थित साहू धर्मशाला के भव्य सभागार में रामगढ़ नगर क्षेत्र तथा रामगढ़ जिले के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आयोजन में आए वरिष्ठ जनों की गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन एवं शांति पाठ से हुआ। सभी के स्वागतोपरांत विशिष्ट वरिष्ठ जनों को उनकी योग्यता व उपलब्धियों हेतु पुष्प गुच्छ एवं अंग-वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक संगम के सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

आयोजन का संचालन कर रहे डॉ. निर्मल कुमार बनर्जी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक संगम अपने उन सभी सदस्यों के सहयोग हेतु सदैव तत्पर रहेगा, जिन्होंने अपना दो तिहाई जीवन कर्तव्यों, जन सेवा और निष्ठा को समर्पित किया है। यदि वे अभावग्रस्त हैं तो उनकी मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी हम यथासंभव प्रयास करते रहेंगे।

वरिष्ठ जनों के कल्याण, उनकी योग्यताओं एवं अनुभवों के द्वारा समाज को एक नई दिशा देने तथा उनके यथोचित सम्मान की पृष्ठभूमि पर अपने बहुमूल्य विचार देने वालों में मुख्य रूप से संस्था की परिकल्पना के जनक सुरेश पी अग्रवाल, मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.डी सी राम, महासचिव एसएस साह, कोषाध्यक्ष शिवशंकर मोदी, संयुक्त सचिव चंद्रेश्वर प्रसाद, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नीरज पाठक, सनातन संस्कृति एवं शिक्षा को समर्पित ज्ञान ब्रह्म पाठक, ब्रजकिशोर गांधी, आर के पाण्डेय एवं अन्य सहित अध्यक्षीय उद्बोधन आचार्य आदित्य नारायण त्रिपाठी ने दिया।

आयोजन में मुख्य रूप से लखन लाल पोद्दार, राम सेवक प्रसाद, सत्यनारायण साहू, बलदेव प्रसाद अग्रवाल, कुमेश्वर महतो, अनिल मिश्र, कांति लाल राठौड़, सीताराम प्रसाद, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राम प्रसाद राम, साधु चरण दांगी, सीताराम पाठक, कृष्ण विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह, बंशी प्रसाद केसरी, दिनेश कुमार पाठक, सुरेश प्रसाद साह, गोबर्धन प्रसाद, जोगिंद्र सिंह जग्गी, नारायण महतो एवं कई अन्य गणमान्य जनों सहित कार्यवाहक मीडिया प्रभारी राज रामगढी उपस्थित थे। आयोजन की सफलता में वरिष्ठ नागरिक संगम के सभी कार्यकारिणी सदस्यों का अत्यंत सराहनीय योगदान रहा। आभार ज्ञापन सी एल मोदी ने किया, जिसके पश्चात सभा के विसर्जन की घोषणा की गई। इस तथ्य की जानकारी राज रामगढी ने साझा की है।

## BRIEF NEWS

### हीरो होंडा गैराज का एस्बेस्ट्स शीट तोड़कर 30 हजार के सामान की चोरी

**RAMGARH :** ओपी क्षेत्र के भुरकुंडा पेट्रोप पंप समीप जीसू हीरो होंडा गैराज से बीती रात्रि चोरो ने एस्बेस्ट्स सीट तोड़ लगभग 30 हजार रुपए लागत के पार्टस की चोरी कर ली है। इसमें कलच प्लेट, चैन स्पोकेट, केवल, पिस्टन, मोबील आदि समान शामिल है। जानकारी के अनुसार गैराज के मालिक जीसू सिंह ने गुरूवार की सुबह दुकान खोला तो देखा कि एस्बेस्ट्स सीट तोड़कर चोरो ने कई समानो की चोरी कर ली है। चोरी की सूचना जीसू सिंह ने भुरकुंडा ओपी में दी है।

### रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी ने झारखंड टॉपर दिव्या को भागवत गीता देकर दी शुभकामनाएं

**RAMGARH :** विकास नगर गौशाला, रामगढ़ कैंट में इंटर साइंस 12 जैक बोर्ड से झारखंड टॉपर आलोक बिहारी की पुत्री दिव्या कुमारी को माननीय विधायका श्रीमती सुनिता चौधरी जी आशीर्वाद देने उनकी आवास पहुंची* ' मौके पर माननीय विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी ने छात्रा दिव्या कुमारी को श्रीमद भागवत गीता देकर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड तथा अपने रामगढ़ जिले का नाम रोशन की है। मुझे पूरी उम्मीद है कि यह दिन रात मेहनत कर भारत देश का नाम ऊंचा करेगी। इनको बहुत सारी बधाइयां और उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं और यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### जेएसपी फांउडेशन व साईट सेवर्स के सौजन्य हुआ नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**RAMGARH :** जेएसपी फांउडेशन पतरातु एवं साईट सेवर्स अंतराष्ट्रीय एनजीओ के सयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को जेएसपी कैम्पस स्थित ट्रेनिंग सेंटर में नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के पन्द्रह गांव की आंगनवाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, स्वयं सहायता समूह की 45 महिलाओ ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जेएसपी फांउडेशन पतरातु के रवि निवास ने किया। साईट सेवर्स रामगढ़ के प्रतिनिधि अभिजित कुमार ने सभी प्रतिभागियों को नेत्र से संबंधित सभी बीमारियों तथा उपचार की जानकारी दी। इस दौरान भारत सरकार के स्वास्थ मंत्रालय द्वारा मोतियाबिंद निःशुल्क ऑपरेशन की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि जेएसपी फांउडेशन पतरातु द्वारा चलाए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ सेंटर के मध्यम से नेत्र स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ली जा सकती है।

### खोपड़िया बाबा मंदिर सह धर्मशाला की नई कमेटी गठन पर उठे सवाल

**RAMGARH :** भुरकुंडा बाजार में स्थानीय व्यवसायियों की बैठक हुई। इसमें पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, महेश्वर साहू, रामफल बेदिया मौजूद थें। बैठक में पिछले दिनों खोपड़िया बाबा मंदिर सह धर्मशाला की नई कमेटी गठन पर चर्चा करते हुए सवाल उठाया गया। कहा गया की क्यो और किस कारण से नई कमेटी का गठन किया गया है, यह समझ से परे है। निर्णय हुआ की इस मसले पर पुनः 31 मई को बैठक होगी। मौके पर प्रमोद शर्मा, राजू अग्रवाल, उमेश कुमार सिंह, सुशील गोयल, मनोज कुमार, रामचन्द्र साहू, पिंटू अग्रवाल, विनय सिंह, शिवकुमार गुप्ता, सुरेश उपाध्याय, आशीष कुमार बसंत लाल, सुरेश लाला सहित कई लोग मौजूद थे।

### वैश्य मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन भुरकुंडा में 7 को, तैयारी बैठक आज

**RAMGARH :** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों, जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकतोओं का आगामी 7 जून को भुरकुंडा में एक दिवसीय सम्मेलन आहुत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए वैश्य मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया, उपाध्यक्ष अशोक साव एवं महासचिव भुनेश्वर साव ने बताया कि यह सम्मेलन केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु की देख-रेख एवं नेतृत्व में आयोजित की जायेगी। सम्मेलन में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों-दुकानदारों की 10 लाख रुपए तक की ऋण माफी, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे हमलों, 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना की तैयारी सहित जिला संगठन विस्तार पर चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा। बताया गया कि सम्मेलन की तैयारी को लेकर 26 मई को सुबह साढ़े दस बजे भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के आवास में प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक होगी।

### नौ दिवसीय श्रीश्री सहस्त्र महाचण्डी यज्ञ के छठे दिन उमड़ी भीड़, भक्ति जयकारों से गूंजा क्षेत्र

**RAMGARH :** श्रीश्री 1008 श्री गुरु खेपा बाबा महाराज के सानिध्य में थाना मैदान तारा बाड़ी खेपा बाबा आश्रम भुरकुंडा में शनिवार से चल रहे नौ दिवसीय श्रीश्री सहस्त्र महाचण्डी यज्ञ के छठे दिन गुरूवार को वाराणसी के आचार्य सत्येंद्र गर्ग और पतरातू के आचार्य राधेश्याम दुबे ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराएं। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। महायज्ञ के छठे दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। साथ ही रात्रि कथावाचन में श्रद्धालु भक्ति के सागर में डुबकी लगाते रहें। वहीं यज्ञ के सातवें दिन शुक्रवार को पशुपतिनाथ नेपाल के कथा वाचन भोलेनाथ महाराज द्वारा प्रवचन किया जायेगा। जबकि 28 मई को हवन, पुणार्हुति के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

### हजारीबाग में अनियंत्रित पिकअप ने एक को रौंदा, मौत

**HAZARIBAGH :** हजारीबाग-बगोदर मार्ग पर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मेरु दुर्गा मंडप के पास गुरुवार को अनियंत्रित पिकअप वाहन (जेएच 02 एएन 5538) ने बिजली के खंभे में टक्कर मारते हुए मोटरसाइकिल सहित कुछ लोगों को रौंद दिया। इस दुर्घटना में मेरु निवासी मनोहर कुशवाहा की मौत हो गई जबकि गाड़ी चालक सहित चार अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल हजारीबाग में चल रहा है। दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आधे घंटे के लिए सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पाकर मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटावाया।

### पलामू में युवक से 63 हजार की लूट

**PALAMU :** जिला मुख्यालय डालटनगंज के मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले इलाके में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की बाजार शाखा के गेट पर गुरुवार की दोपहर एक युवक से तीन अपराधियों ने 63 हजार रुपये लूट लिए। बताया जाता है कि जीएलए कॉलेज के पास रहने वाले विशाल कुमार सलोनी तेल कंपनी में काम करता है। पीएनबी की बाजार शाखा में 63 हजार रुपये जमा करने जा रहा था। गेट के पास ही सड़क पर तीन बदमाशों ने पिस्टल सटाकर उसका रुपये से भरा बैग लूट लिया। सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा, टीओपी वन के प्रभारी रेवा शंकर राणा सहित पुलिस जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस युवक से जरूरी जानकारी लेकर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी है।

### घरेलू विवाद में विवाहिता ने की आत्महत्या

**GODDA :** जिले के पथरगामा थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव में विवाहिता वंदना देवी (26) ने बुधवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका का पति राजेन्द्र पंडित बाहर काम करता है। घटना के वक्त घर में केवल ससुर था। सास गांव में ही किसी काम से बाहर निकली हुई थी। कुछ देर बाद घर आई तो बंदना को फंदे पर लटका देखा। जबतक फंदे से उतरा जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका की शादी सात माह पूर्व राजेन्द्र पंडित के साथ हुई थी। गुरुवार को थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि घटना का कारण घरेलू विवाद बताया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का खुलासा हो पाएगा। मामले की छानबीन की जा रही है।

# बच्चे ने बहादुरी से बचाई मां और बहनों की जिंदगी

## बाघ को देखते ही बेहोश हो गई थी मां

**बगहा** के गौनाहा में बाघ से 4 लोगों की जिंदगी बची थी। जान बचाने के लिए 15 साल के बच्चे ने बहादुरी दिखाई थी। हिम्मत दिखाते हुए उसने मां के साथ-साथ दो छोटी बहन को भी नई जिंदगी दिला दी। 15 साल के सुमित की बहादुरी की चर्चा अब पूरे इलाके में हो रही है। दरअसल, रुपवालिया नौका टोला में शनिवार(20 मई) की सुबह 5:00 बजे एक बाघ कमलेश उरांव के घर में घुस गया। उसकी पत्नी वीरेंदरी देवी उठकर जैसे ही घर से बाहर निकली, घात लगाए बैठे एक बाघ ने उस पर हमला बोल दिया। हालांकि, महिला इस दौरान बाल-बाल बच गई। लेकिन बेहोश हो गई। इधर, बाघ छलांग लगाते हुए घर के अंदर घुस गया। वहीं, वीरेंदरी देवी का बेटा सुमित(15) की नजर जमीन पर गिरी मां पर पड़ गई। बाघ के अंदर घुसते ही सुमित ने दरवाजा बंद कर दिया। इस दौरान बाघ एक कमरे में घुस गया। सुमित ने पहले मां को खुद से हटाने की कोशिश की। लेकिन, अकेले वह मां को नहीं हटा सका। फिर ग्रामीणों को बुलाकर मां को घर से बाहर किया। इस दौरान आवाज होने से बाघ गुरार्ने लगा। वहीं, घर के अंदर ही दूसरे कमरे में सुमित की दो छोटी बहनें सो रही थी। 9 साल की साक्षी और 4 साल की सोनाक्षी दोनों नींद में थी। सुमित उन्हें बचाने के लिए घर के अंदर जाने लगा। लोगों ने काफी मना किया। इसके बावजूद वह डरा नहीं। हिम्मत दिखाते हुए घर के अंदर घुस गया। दोनों बहन को जगाया। फिर किसी तरह कमरे के एक किनारे पर लेकर गया। हल्की आवाज में घर के बाहर लोगों को इसकी जानकारी। फिर सभी ने कमरे के पीछे लगे टाट को फाड़कर तीनों बच्चों को बाहर निकाला। इस तरह से सुमित की बहादुरी से उसकी दोनों बहन और मां की जान बच गई। इस घटना को याद कर वीरेंदरी देवी अब भी डर जा रही है। उसने बताया कि पति कमलेश उरांव हिमाचल में मजदूरी का काम करते हैं। अभी वह बाहर ही कमाने गए हैं। जिस दिन घटना हुई, उस दिन तीन बच्चों के साथ वह घर पर थी। घटना को आज भी याद कर सिहर जाती है, डर जाती है। क्योंकि इतने नजदीक से बाघ को अब तक नहीं देखा था। कभी-कभी ऐसा लग रहा है कि बाघ फिर से ना आ जाए। दरअसल, वीटीआर के जंगल से भटक कर गांव पहुंचे बाघ को मोतियाबिंद थी। उसकी दाहिनी आंख में मोतियाबिंद हो गया था। माना जा रहा है इसी वजह से वो शनिवार को शिकार नहीं कर पाया, क्योंकि उसे देखने में परेशानी हो रही थी। अब राजगीर में उसका इलाज होगा। डीएफओ प्रदूम्न गौरव ने बताया कि बाघ को फुल सिक्योरिटी और ग्रीन कॉरिडोर बना कर राजगीर भेजा गया है। शनिवार को उसके रेस्क्यू के लिए वन मंत्रालय की ओर से तीन जिले की पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों का सुरक्षा घेरा तैयार किया गया था। बेतिया, मोतिहारी व मुज्जफरपुर पुलिस के साथ वन विभाग के अधिकारी व वनकर्मी उसकी सुरक्षा में शामिल थे।



# भोजपुर में सड़क हादसा एक की मौत

**भोजपुर** में बुधवार देर शाम सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह अपने बेटे और भांजा के साथ जमीन के काम को लेकर पटना जा रहे थे। इस दौरान एक नीलगाय उनके बाइक से टकरा गई। इस हादसे में मामा की मौत हो गई। वहीं, बेटा और भांजा जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। हादसा जिले के आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार मोड़ के समीप हुआ। मृतक उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ जिला के मेहनगर थाना क्षेत्र के गुरैथा गांव निवासी स्वर.हरिश्चंद्र के 70 वर्षीय पुत्र राम बाबू है। जबकि जख्मी जहानागंज थाना क्षेत्र के जहानागंज गांव निवासी रामेश्वर वर्मा का 30 वर्षीय पुत्र व मृतक का भांजा राज कुमार वर्मा है। इधर, मृतक के भांजे राज कुमार वर्मा ने बताया कि अपने मामा बाबू राम के साथ बाइक से जमीन के काम के सिलसिले से आजमगढ़ से बलिया आया था। इसके बाद वे दोनों बलिया से बाइक से ही पटना जा रहे थे।



# नालंदा में संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत

**नालंदा** में संदिग्ध हालत में विवाहिता का शव मिला है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र के नेपुरा बेरौटी गांव का है। मृतका श्रवण सिंह की (35) वषीर्या पत्नी रेखा देवी है। रेखा देवी के बेटे दिलखुश कुमार ने बताया कि वह बीती रात दूसरे कमरे में सो रहा था। तभी अचानक आवाज हुई, वह उठकर बाहर निकला तो देखा कि अंधेरे में कोई भाग रहा है। जबकि उसके पिता उसके पीछे-पीछे भाग रहे थे। कमरे में झांक कर देखा तो उसकी मां के सिर से खून बह रहा था। हथौड़े से सिर पर वार कर उसके पिता ने उसकी मां की हत्या कर दी। इसके बाद उसने इस बात की खबर आस-पड़ोस के लोगों को दी। ग्रामीणों ने बताया कि श्रवण सिंह हमेशा नशे में रहता था। आए दिन उसके घर में इसी बात को लेकर पत्नी से वाद-विवाद होता रहता था। बीती रात उसने हथौड़े से सिर पर मार पत्नी की हत्या कर दी और और पड़ोस के एक घर के बाहर बने शौचालय में जाकर छुप गया। दीपनगर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि हत्या की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पति को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य पड़ोसी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं मौके से हथौड़ा भी बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



# बेगूसराय में बेरोजगार युवाओं के लिए जरूरी खबर




बेगूसराय जिला नियोजनालय में आज जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैंप में टेंथ ट्वेल्थ और आईटीआई किए हुए अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। जॉब कैंप में निजी क्षेत्र की कंपनी एमआरएफ टायर्स भाग ले रही है। जॉब कैंप में इच्छुक आवेदकों का एनसीएस पोर्टल पर निबंधित होना आवश्यक है। अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ आज सुबह 10:30 बजे से शाम के 4 बजे तक आईटीआई कॉलेज के परिसर स्थित संयुक्त श्रम भवन में आयोजित इस जॉब कैंप में भाग ले सकते हैं। जॉब कैंप में भाग लेने वाली एमआरएफ कंपनी कर्नाटक और तेलंगाना क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रोडक्शन वर्क मैन के पोस्ट पर एक 100 पदों पर अभ्यर्थियों की बहाली करेगी। इस जॉब कैंप में 18 से 26 वर्ष तक के अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। जानकारी देते हुए नियोजन पदाधिकारी सुश्री श्वेता वशिष्ट ने बताया कि जिला नियोजनालय के द्वारा हर माह जॉब कैंप का आयोजन किया जाता है। इसमें इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेज जैसे

# पुलिस छापेमारी के दौरान भागा युवक, ट्रेन से कटकर मौत

**मुजफ्फरपुर** में देर रात पुलिस की छापेमारी के दौरान भाग रहे युवक सोनु कुमार की मौत हो गई। वह ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। घटना मुजफ्फरपुर-हाजीपुर रेलखंड के रामदयालु रेलवे गुमटी के पास की है। दरअसल बुधवार देर रात सदर थाने की पुलिस ताड़ी बेचने और ट्रेन से मोबाइल छिनतई करने वाले गिरोह के खिलाफ छापेमारी कर रही थी। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर उधर भागने लगे। इसी बीच एक युवक सोनू कुमार ट्रेन से टकरा गया। इसमें उसकी मौत हो गई। छापेमारी के दौरान रामदयालु गुमटी के आसपास युवकों का झुंड बैठा हुआ था। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने सभी को खदेड़ा, जिसमें भागने के दौरान भिखनपुरा चकअहमद के पप्पू मिस्त्री का बेटा सोनू ट्रेन से टकरा गया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने सोनू की पिटाई की, उसे खदेड़ा और आ रही ट्रेन की ओर धक्का दे दिया। वह ट्रेन से टकरा गया और उसकी मौत हो गयी। उसके दो बच्चे भी हैं। सोनु कुमार की मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जमकर बवाल काटा। रामदयालु नगर एनएच को जाम कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची सदर थाने की पुलिस ने भीड़ को समझा बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित लोग मानने को तैयार नहीं हुए। लोग मुआवजे की मांग कर रहे थे। हालात बिगड़ता देख अतिरिक्त पुलिस फोर्स को बुलाया गया। इस दौरान लोगों ने पथराव शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस को पीछे हटना पड़ा। बाद में नगर डीएसपी राघव दयाल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों को किसी तरह शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कब्जे में लेकर एसकेएमसीएच भेजा। वहीं इस पूरे मामले में सदर थानेदार सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि छापेमारी से मची भगदड़ के दौरान युवक वहां से भाग रहा था। वह रेलवे लाइन पार करने लगा। इसी बीच ट्रेन आ रही थी, जिससे वह ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौत हो गई। इधर, नगर डीएसपी का कहना है की आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया था। पत्थरबाजी हुई थी। हालांकि बाद में स्थानीय जनप्रतिनिधि और पुलिस के समझाने के बाद आक्रोशित लोगों को शांत कराया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।



# नेपाली नगर में तोड़े गए मकानों का दें मुआवजा–हाईकोर्ट

## 5–5 लाख रुपए देने के निर्देश; 2018 से पहले बने मकानों का होगा सेटलमेंट

राजीव नगर आवास बोर्ड की जमीन पर बने अवैध अतिक्रमण पर पटना हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया है। आवास बोर्ड और प्रशासन की ओर से लगाई गई याचिका को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। न्यायधीश संदीप कुमार की बेंच ने तोड़े गए मकान के बदले पांच-पांच लाख मुआवजा देने का निर्देश दिया है। साथ ही 2018 के पहले बने हुए मकानों का सेटलमेंट करने का निर्देश भी जारी किया है। याचिका पर करीब चार महीने पहले न्यायधीश संदीप कुमार की बेंच में सुनवाई पूरी हो गई थी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। इससे 400 एकड़ में रहे रहे 2000 से ज्यादा परिवार वालों को राहत मिली है।

21 जुलाई 2022 को जिला प्रशासन की टीम नेपाली नगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। टीम का कहना था कि लोगों को नोटिस दे दिया गया है। सभी अवैध कब्जा बनाकर रह रहे हैं। वहीं लोगों का कहना था कि हमें कोई नोटिस नहीं दिया गया है। हम यहां कई सालों से रह रहे हैं। इसके बाद भी नेपाली नगर की 40 एकड़ की जमीन को कब्जे में लेने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस की कार्रवाई का लोगों ने विरोध किया था। पुलिस और अतिक्रमणकारियों के बीच झड़प भी हुई थी। कई पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे।



इस पूरे मामले को लेकर राजीव नगर थाने में दो अलग-अलग केस दर्ज किए गए थे। प्रशासन की कार्रवाई के बाद लोगों ने पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने अतिक्रमण हटाने और नए निर्माण पर रोक लगाने का निर्देश जारी किया था। इसके साथ ही कहा था कि पूरे इलाके में बिजली-पानी बहाल की जाए। अब 10 महीने बाद हाईकोर्ट का फैसला आया है। राजीव नगर में पूर्वी और पश्चिमी इलाके में 1624 एकड़ आवास बोर्ड की जमीन है। सरकार ने पहले ही 600 एकड़ पूर्वी छोर का सेटलमेंट कर दिया था और पश्चिमी छोर पर 1024 एकड़ जमीन पर नेपाली नगर के लोगों ने अवैध निर्माण करा लिया था। जिला प्रशासन की टीम 40 एकड़ जमीन को कब्जा करने के लिए पहुंची थी। इस दौरान पुलिस पर हमला करने और अवैध अतिक्रमण करने के मामले में आवास बोर्ड और पटना पुलिस ने राजीव नगर थाने में 20 से ज्यादा [illegible] की थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने 10 लोगों को जेल भेज दिया था। पांच को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई और अन्य पांच लोगों पर अभी जांच जारी है। राजीव नगर के नेपाली नगर में जमीन का विवाद का कारण सत्ता से जुड़े लोग, भू माफिया और बिहार राज्य आवास बोर्ड की मिलीभगत है। एक-दूसरे की मदद से सिंडिकेट बनाकर सरकारी जमीनों को बेचा गया। इसमें भू-माफिया के अलग-अलग कई गैंग भी शामिल हैं। जिन्हें किसी न किसी राजनेताओं का संरक्षण मिला हुआ है। जिन्होंने सरकारी जमीन पर पहले अपना कब्जा जमाया। फिर उसे 10 लाख रुपए से लेकर 50 लाख रुपए प्रति कट्ठा के हिसाब से बेचते चले आए। यह सिलसिला पिछले कई सालों से चलता आ रहा है।

## संक्षिप्त –समाचार

### औरंगाबाद में सड़क हादसे में युवक की मौत



**औरंगाबाद** में बुधवार की देर शाम एक युवक को तेज रफ्तार ट्रक टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना मोड़ समीप एनएच की है। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के बछीर्वार गांव निवासी जगदीश भुईयां (40) के रूप में हुई है। वह शाम में सब्जी खरीदने मदनपुर बाजार गया था। वह घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह थाना मोड़ समीप पहुंचा कि तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसके कारण युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। वहीं घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे और जख्मी युवक का हाल जाना। मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। नगर थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और फिर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बिहार के सभी जिलों में आज बारिश का अलर्ट

**बिहार** में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मंगलवार को बिहार के कई जिले में बारिश के बाद बुधवार को मौसम सामान्य रहा। कई जगह तेज धूप भी निकली। औरंगाबाद 39 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। हालांकि, गुरुवार को एक बार फिर पूरे प्रदेश में बारिश होने के आसार हैं। 24 घंटे तक राज्य में बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बिहार के 38 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। इनमें 20 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 18 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इन सभी जिलों में तेज हवा, बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है इसके साथ ही मौसम विभाग ने बक्सर, कैमूर, रोहतास, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल, पटना, जहानाबाद, गया, नवादा, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, जमुई, मुंगेर, खगरिया, बांका और भागलपुर के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार एक चक्रवातीय परिसंचरण बिहार और आसपास के क्षेत्र में बना है। इसके साथ ही एक ट्रफ लाइन बिहार के ऊपर से छत्तीसगढ़ की ओर गुजर रहा है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटों तक राज्य में बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना बनी रहेगी। पिछले 24 घंटे में औरंगाबाद सबसे गर्म जिला रहा। वहां का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ ही पटना का अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस, नालंदा का 36 डिग्री सेल्सियस, गया का 37.8 डिग्री सेल्सियस, नवादा का 38 डिग्री सेल्सियस, शेखपुरा का 38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष बनाने में सवर्णो को तरजीह दी

**बिहार** कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी। ने दो दिन पहले ही खबर लाई थी कि बीजेपी ने 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी है। वहीं दूसरी तरफ कर्नाटक में जीत के बावजूद कांग्रेस बिहार में कार्यक्रम के स्तर पर कमजोर दिख रही है। लेकिन आज कांग्रेस ने भी अपने जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के साढ़े पांच माह बाद जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। पटना में तीन जिलाध्यक्ष बनाए गए है। पटना महानगर से, पटना रुलर-1 से और पटना रुलर-2 से। जानकारी है कि 12 जिलों में पुराने जिलाध्यक्षों को ही जगह दी गई है। मुंगेर में वहां के विधायक अजय कुमार सिंह को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। पहले भी मुंगेर में यही कार्यकारी जिलाध्यक्ष थे। संगठन में कई लोग हैं बावजूद एक ही व्यक्ति विधायक भी और अब अध्यक्ष भी बनाए गए हैं। जिला के प्रभारी समीर कुमार सिंह हैं वे पार्षद भी हैं। यह एक उदाहरण मात्र है कि संगठन को किस तरह से प्रदेश में मजबूत किया जा रहा है। अजय कुमार सिंह भूमिहार हैं और समीर कुमार सिंह राजपूत हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्षों की लिस्ट में सर्वाधिक जिलाध्यक्ष सवर्ण जाति से बनाए गए हैं। दो दर्जन से ज्यादा जिलाध्यक्ष सवर्ण हैं। यानी कांग्रेस का फोकस सवर्ण वोट बैंक पर ज्यादा है। बीजेपी के सवर्ण वोट बैंक को कमजोर करनी यह रणनीति हो सकती है। अतिपिछड़ा जिलाध्यक्ष तो दिख ही नहीं रहे हैं सूची में। मुसलमान पांच हैं। तीन दलित हैं। बता दें कांग्रेस में प्रदेश अखिलेश प्रसाद सिंह सवर्ण हैं। विधायक दल के नेता अजीत शर्मा भी सवर्ण हैं। दोनों एक ही भूमिहार जाति से हैं। विधान परिषद में नेता मदन मोहन झा सवर्ण हैं। विधान परिषद में चार एमएलसी हैं, सभी सवर्ण हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी का गठन अभी होना बाकी है। बीजेपी ने जहां कुशवाहा जाति के सम्राट चौधरी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है और उसका फोकस पिछड़ा-अतिपिछड़ा वोट बैंक भी है वहां कांग्रेस को जैसे इस वोट बैंक की परवाह नहीं के बराबर है। महागठबंधन ने आनंद मोहन की रिहाई के लिए जेल मैनुअल में संशोधन करवाया। अब जिलाध्यक्ष बनाने में कांग्रेस ने अपना सवर्ण चेहरा सामने लाया है।


### भोजपुर में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प


**भोजपुर** में बुधवार शाम तेज रफ्तार में बाइक चलाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और फायरिंग हुई। इस दौरान एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के घर में जाकर जमकर रोड़ेबाजी भी की गई। इस हिंसा में फायरिंग के दौरान एक पक्ष के एक अधेड़ को गोली बाए साइड सीने को छूते हुए निकल गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। मामला जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहां ओपी अंतर्गत हेमतपुर गांव का है। जानकारी के अनुसार जख्मी अधेड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहा ओपी अंतर्गत हेमतपुर गांव निवासी स्व.रामेश्वर सिंह का 45 वर्षीय पुत्र गुप्तेश्वर सिंह है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा एवं दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। इधर,अनुज सिंह ने बताया कि गांव के ही संजय सिंह का लड़का रमण सिंह बाइक तेजी में लेकर जा रहा था।

# जनगणना प्रक्रिया पारदर्शी होते ही भ्रांतियां स्वतः समाप्त हो जाएंगी

लोकतंत्र में संख्या बल का अपना महत्व होता है। 51 वोट का मतलब जीत और 49 वोट का मतलब हार से लगाया जाता है। भारत में बहुदलीय व्यवस्था है, इसलिए यहां पर 30 वोट का मतलब भी जीत हो जाता है, बशर्ते कि 70 वोट की संख्या विभिन्न दलों में विभाजित हो जाये और सबके हिस्से में 29 या उससे कम वोट आये। वैसे तो मतदाता सूची तैयार करना केंद्रीय चुनाव आयोग का कार्य है, लेकिन मतदाताओं के संख्या बल और उसके विकास पायदान की सटीक जानकारी के लिए लोग जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर रहते हैं। लेकिन जब ये आंकड़े ही सटीक नहीं बन पाएं, तो किन्तु-परन्तु होना स्वाभाविक है। मोदी सरकार इस कड़वी हकीकत से अवगत हो चुकी है और यदि सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो वह जल्द ही तमाम तरह के आंकड़ों की बाजीगरी खत्म करवा देगी। इस बात का संकेत केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 22 मई को नई दिल्ली में जनगणना भवन का उद्घाटन करने के दौरान दिया। इस मौके पर उन्होंने जो कुछ महत्वपूर्ण बातें बताई हैं, उस पर गौर किये जाने की जरूरत है। क्योंकि उन्होंने जिन मुद्दों को उठाने का साहस दिखाया है, वह सबमें नहीं हो सकता है। उन्होंने जन्म और मृत्यु पंजीकरण के लिए वेबपोर्टल, जियोफेंसिंग के साथ अपग्रेडेड एसआरएस मोबाइल एप्लीकेशन और जनगणना प्रकाशनों की ऑनलाइन बिक्री के वेबपोर्टल का जो शुभारंभ किया है, उन सबका अपना नीतिगत महत्व है। यदि इन सबका सम्यक प्रयोग प्रशासनिक व्यवस्था के हित में किया गया, तो बहुत सारे आँकड़े गत विरोधाभास स्वतः समाप्त हो जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने जनगणना संग्रह (1981 से आगामी जनगणना) का भी विमोचन किया। अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि ₹जन्म और मृत्यु का पंजीकरण किसी भी देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और ये दो जनगणनाओं के बीच विकास की योजनाओं को बनाने में मदद करता है। इसलिए, अब मोदी सरकार इस प्रक्रिया को ऑनलाइन कर आसान बना रही है। आज 1981 से अभी तक की सभी जनगणनाओं के इतिहास को एक पुस्तक में संकलित करके प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि ₹योजनाएं बनती रहीं, लक्ष्य तय होते रहे, लेकिन सबको घर देने का लक्ष्य तय करने का साहस नहीं था, क्योंकि किसी को नहीं पता था कि इसके लिए कितना बजट चाहिए। जनगणना का उपयोग, सटीकता, ऑनलाइन उपलब्धता और प्लानिंग तथा जनगणना के बीच सेतु के अभाव में ये सब पहले नहीं हो सका। इसलिए मोदी सरकार ऐसी व्यवस्था करने जा रही है कि जैसे ही एक व्यक्ति 18 वर्ष का होता है, चुनाव आयोग उससे सूचना लेकर उसका वोटर कार्ड बना देगा। इसी प्रकार किसी की मृत्यु होने पर जनगणना रजिस्ट्रार से चुनाव आयोग के पास इसकी सूचना जाएगी और फिर प्रक्रियानुसार उसका नाम मतदाता सूची से हटा लिया जाएगा। इस प्रकार की जनगणना के प्रयास से जन्म और मृत्यु का रजिस्ट्रेशन और जनगणना कम्प्लीट हो सकेगी जिससे देश को बहुआयामी फायदे होंगे। क्योंकि जनगणना का डेटा विकास की मूल योजना बनाने में और वंचितों, शोषितों को आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने में सहायक होता है। देखा जाए तो केंद्रीय गृहमंत्री ने सही मुद्दे को छुआ है। अपने देश में शहरी वार्ड और ग्रामीण ग्राम पंचायत जैसी निचली प्रशासनिक इकाई से लेकर नगर पंचायत, नगरपालिका, नगर निगम, तहसील, जनपद, मंडल, प्रांत और राष्ट्र स्तरीय सर्वोच्च प्रशासनिक इकाई/सम्बन्धित विभाग हैं, जिसकी मॉनिटरिंग करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी गण व कर्मचारी गण और उनपर नजर रखने के लिए पार्षद/मुखिया से लेकर प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, उनके मंत्रीगण सरीखे राजनीतिक जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद हैं। खास बात यह कि सबके वेतन-भत्ते तक सुनिश्चित हैं। इसलिए यदि दृढ़ प्रशासनिक इच्छा शक्ति हो तो कोई भी आंकड़ा तैयार करना मुश्किल नहीं है। लेकिन जब पक्ष-विपक्ष के दिल में खोट हो, पारस्परिक शह-मात के खेल चल रहे हों और प्रशासनिक प्रतिनिधि सही आंकड़ों को तैयार करने या करवाने में पक्षपात या किन्तु-परन्तु करते हों, तो फिर वही होता है, जो पिछले 70 सालों तक हुआ या होता आ रहा है। कहने को तो राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर तक मौजूद है, लेकिन हकीकत यह है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनावों, विधानसभा चुनावों, लोकसभा चुनावों में बहुतेरे लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं मिलते और इस बड़ी लापरवाही के लिए किसी का उत्तरदायित्व भी सुनिश्चित नहीं है, व्यावहारिक अर्थों में। विभिन्न चुनावों के लिए अलग-अलग मतदाता सूची होना भी अनैतिक है। इस खेल को बंद किया जाना चाहिए। अब जरूरत इस बात की है कि आधार कार्ड को अनिवार्य किया जाए और अन्य सभी अनावश्यक पहचान के दस्तावेजों में न्यूनता लाई जाई। यह तभी सम्भव है, जब जनगणना के आंकड़े दुरुस्त रहेंगे। वास्तव में, सब्सिडी से लेकर सरकारी फ्लैगशिप कार्यक्रमों में सभी जरूरतमंदों के नाम शामिल करना और उन्हें वाजिब सुविधाएं देना और भी टेढ़ी खीर प्रतीत होता है। कहने को तो आरक्षण और सामाजिक न्याय की बातें चलती रहती हैं, लेकिन सबको समरूप तौर पर सुविधाएं व सहूलियत देने-दिलवाने में मौजूदा सिस्टम फिसड्डी साबित हुआ है। यह कितनी चिंता की बात है कि देश में समान मताधिकार की बात तो होती है, लेकिन अन्य समानताओं पर संविधान 'गूंगा' या 'पक्षपाती' प्रतीत होता है! इस मसले पर तथाकथित बुद्धिजीवी मतलबपरस्त दृष्टिकोण रखते आये हैं। शायद सही आंकड़ा उपलब्ध नहीं होने के चलते ही यह सब कुछ हो रहा हो। लेकिन अब गृहमंत्री अमित शाह ने इसकी तोड़ निकाल ली है और जनगणना सम्बन्धी जो कानून लेकर सामने आने वाले हैं, वह देश की नीति और दिशा दोनों बदलने वाली साबित होगी।

# यूपीएससी : फिर से बेटियों की बादशाहत



**ANALYSIS**

**सुरेन्द्र कुमार**

भारत मे करोड़ों लोग आज भी अपनी बेटी को उच्च शिक्षा प्रदान करने से कतराते है। ऐसे मे लोक सेवा आयोग द्वारा जारी नतीजों पर गौर फरमान लाजमी हो जाता है। बेटियों ने अपने परीक्षा परिणाम के जरिये यह बताने का प्रयास किया है कि देश मे आज पुरुष और महिला के बीच की खाई काफी हद तक भर चुकी है। यूपीएससी 2022 के परिणामों मे इस बार शीर्ष स्थान ग्रेटर नोएडा स्थित जलवायु विहार सोसायटी की इशिता किशोर ने अर्जित किया है। बिटिया की सफलता अहम इसलिए है क्योंकि उन्होंने यह सर्वोच्च मुकाम बिना किसी कोचिंग के प्राप्त किया है। उन्होंने योजनाबद्ध तरिके के साथ घर पर पढ़ कर ही यह बहुमूल्य उपलब्धि हासिल की है। जो देश के लाखों युवाओं के लिए प्रेरणादायी साबित हो सकती है। परीक्षा के लिए महंगी कोचिंग लेना हर विद्यार्थी के लिए संभव नहीं होता परंतु घर पर सेल्फ स्टडी करना सब के बस की बात हो सकती है। अर्थशास्त्र ऑनर्स मे स्नातक करने के उपरांत इशिता ने सिविल सेवा के बारे मे विचारा और आप्शनल विषय के लिए राजनीति शास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय संबंध विषय चुना और तन्मयता से विषयों की गहराई को तोलती रहीं। हमें उनकी यह सफलता सामान्य उपलब्धि लग सकती है परंतु इशिता के लिए यह बेहद विशेष है। क्योंकि उन्हें यह सफलता तीसरे प्रयास के व वर्षों की मेहनत के उपरांत हासिल हुई है। न्यूज चैनल को दिए अपने पहले साक्षात्कार मे उन्होंने बताया कि मेरे परिवार ने मुझे यूपीएससी के लिए हर वक़्त असीम समर्थन दिया।

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 के नतीजे मंगलवार को जारी कर दिए हैं। नतीजों मे इस बार फिर से लडकों की अपेक्षा लडकियों ने इस सर्वोच्च परीक्षा मे अपनी बादशाहत कायम की है। यूपीएससी 2021 मे जहाँ प्रथम तीन स्थान लडकियों ने हासिल किएं थे वहीं इस बार आयोग की अंतिम सूची मे प्रथम चार स्थान बेटियों ने पुनः हासिल किए हैं। जो भारत जैसे देश के लिए अपने आप मे बहुत कुछ बयां करता है। यह करारा जवाब उस मानसिकता के लिए भी खास है जो आज भी हर कार्य को यहाँ पुरुष व महिला मे विभाजित करती है। बेटियों की यह सफलता खास इसलिए भी है क्योंकि देश मे आज भी कई लोग लिंगानुपात पर अपने ठेकेदारी जमाने पर तुले हैं। भारत मे करोड़ों लोग आज भी अपनी बेटी को उच्च शिक्षा प्रदान करने से कतराते है। ऐसे मे लोक सेवा आयोग द्वारा जारी नतीजों पर गौर फरमान लाजमी हो जाता है। बेटियों ने अपने परीक्षा परिणाम के जरिये यह बताने का प्रयास किया है कि देश मे आज पुरुष और महिला के बीच की खाई काफी हद तक भर चुकी है। यूपीएससी 2022 के परिणामों मे इस बार शीर्ष स्थान ग्रेटर नोएडा स्थित जलवायु विहार सोसायटी की इशिता किशोर ने अर्जित किया है। बिटिया की सफलता अहम इसलिए है क्योंकि उन्होंने यह सर्वोच्च मुकाम बिना किसी कोचिंग के प्राप्त किया है। उन्होंने योजनाबद्ध तरिके के साथ घर पर पढ़ कर ही यह बहुमूल्य उपलब्धि हासिल की है। जो देश के लाखों युवाओं के लिए प्रेरणादायी साबित हो सकती है। परीक्षा के लिए महंगी कोचिंग लेना हर विद्यार्थी के लिए संभव नहीं होता परंतु घर पर सेल्फ स्टडी करना सब के बस की बात हो सकती है। अर्थशास्त्र ऑनर्स मे स्नातक करने के उपरांत इशिता ने सिविल सेवा के बारे मे विचारा और आप्शनल विषय के लिए राजनीति शास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय संबंध विषय चुना और तन्मयता से विषयों की गहराई को तोलती रहीं। हमें उनकी यह सफलता सामान्य उपलब्धि लग सकती है परंतु इशिता के लिए यह बेहद विशेष है। क्योंकि उन्हें यह सफलता तीसरे प्रयास के व वर्षों की मेहनत के उपरांत हासिल हुई है। न्यूज चैनल को दिए अपने पहले साक्षात्कार मे उन्होंने बताया कि मेरे परिवार ने मुझे यूपीएससी के लिए हर वक़्त असीम समर्थन दिया। मैं प्रीलिम्स मे दो बार असफल हुई बावजूद इसके परिवार को मुझ पर विश्वास था और मेरा मनोबल बढाता रहा। जिसके लिए मैं उनकी सदा आभारी रहूंगी। इसी तरह बक्सर की गरिमा लोहिया ने देश की इस प्रमुख परीक्षा मे दूसरा रैंक हासिल करके दिखा दिया कि यदि हौसले बुलंद हो तो सफलता निश्चित है। गरिमा ने अपनी इस विशेष उपलब्धि से जहाँ यूपीएससी मे बिहारियों की बादशाहत को बरकरार रखा है वही उन्होंने अपने स्वर्ग सिधार चुके पिता जी की आत्मा को भी शीतलता प्रदान की है। फलस्वरूप आज उनके परिवार के साथ साथ संपूर्ण बिहार राज्य गदगद है। एक समय अपने पिता के बिछडने से विरान गरिमा के सपने बुरी तरह से टूट रहें थे। लेकिन उन्होंने स्वयं को वक्त दिया, समाज को देखा व समझा और पुनः परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत करने मे जुट गई। न्यूज ऐजेंसी से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने उनके सपनों को झकझोरने का काम किया है। फलस्वरूप उनकी मेहनत बेहद प्रभावित हुई है तथा आनलाइन कोर्सेज से तैयारी यदाकदा जारी रखी। परंतु वक्त बदलने के साथ उन्होंने अपने मेहनत के घंटों मे इजाफा किया और विषयों मे पकड़ को मजबूती करती गई। नतीजतन उन्हें देश की प्रतिष्ठित परीक्षा मे सफलता हासिल हुई। उन्होंने आगे कहा कि वे अपनी सफलता का श्रेय अपनी माँ को देतीं है। क्योंकि सेल्फ स्टडी के साथ साथ माँ उनका मजबूती से साथ देती रही। लोक सेवा आयोग के इस बार के परिणाम मे तीसरे स्थान पर रहने वाली तेलंगाना राज्य की उमा हरति के चर्चे भी आम है। आईआईटी हैदराबाद से सिविल इंजीनियरिंग करने के बाद बेटी ने आईएएस की राह चुनी। जिसके लिए उमा ने वैकल्पिक विषय के रूप मे नृविज्ञान का चयन किया और गहनता से विषय का अध्ययन करना शुरू किया। इस बीच उन्होंने सिविल सेवा कोचिंग संस्थान मे भी छह महीनों तक आनलाइन कार्य किया। लेकिन उनका लक्ष्य यूपीएससी था इसलिए उन्होंने वक्त रहते नौकरी से त्याग दे दिया और जी जान से तैयारियों मे जुट गई। इसके उपरांत वर्ष 2023 के 23 मई की वह दोपहरी आई जिसने कहा कि उमा हरति एन ने यूपीएससी मे तीसरा रैंक अर्जित किया है। परिणामस्वरूप उमा के लिए पूरा तेलंगाना गौरवान्वित महसूस होने लगा। जबकि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की रहने वाली स्मृति मित्रा ने सूची मे चौथी रैंक हासिल किया है। मिरांडा हाउस कॉलेज के लाइफ साइंस डिपार्टमेंट की छात्रा रही स्मृति ने इस प्रमुख परीक्षा के लिए आप्शनल विषय के रूप मे जीव विज्ञान चुना और बारीकी से इसका अध्ययन करती रही। मिडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि मैने अपने शिक्षकों और सीनियर्स से काफी मदद ली। फलस्वरूप उन्हें इस प्रमुख परीक्षा मे चौथी रैंक हासिल हुई। उन्होंने बताया कि वे अपने डीएसपी पिता की कार्यशैली से बेहद प्रभावित है नोएडा की प्रथम महिला पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को प्रेरणा मानती है। उन्होंने आगे कहा कि वे देश मे महिलाओं के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उनका मानना है कि देश की महिलाओं के पास तजुर्बा है पर उन्हें अवसरों का अभाव रहता है। इस तरह हम कह सकते हैं कि विगत दो वर्षों से इस सर्वोच्च परीक्षा की मैरिट मे लडकों की अपेक्षा लडकियों का दबदबा रहा है। जो कई मायनों मे महत्वपूर्ण है। यह उन समाज के ठेकेदारो के लिए कडा सबक है जो आज भी बेटियों की शिक्षा पर सवाल खड़े करते है।

**डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं**

# विश्व के नंबर वन जेवलिन थ्रोअर बने नीरज चोपड़ा

2021 में टोक्यो ओलंपिक में भारत को एथलेटिक्स में सोना दिलाने का इतिहास रचने के बाद भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने एकबार फिर नया इतिहास रच दिया है। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले वह भारत के इकलौते खिलाड़ी थे और ओलंपिक खेलों के इतिहास में एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले भी वह भारत के पहले एथलीट थे। अब नीरज महान एथलीट एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ते हुए अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल कर पुरुषों की विश्व रैंकिंग में नए नंबर-1 एथलीट बन गए हैं और इस रैंकिंग के साथ नीरज का नाम इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज हो गया है। यह रैंकिंग हासिल करने वाले वह भारत के पहले एथलीट बने हैं। नीरज ने 5 मई को दोहा में हुए डायमंड लीग में 88.67 मीटर की दूरी पर भाला फेंक कर स्पर्धा जीती थी और उसी बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ही उन्हें अब विश्व रैंकिंग में पहला स्थान मिला है। टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता जाकूब वादलेच दोहा डायमंड लीग में भी दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने 88.63 मीटर की दूरी पर भाला फेंका जबकि विश्व चैम्पियन एंडरसन पीटर्स 85.88 मीटर की दूरी पर भाला फेंक कर तीसरे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व रैंकिंग में नीरज 1455 अंकों के साथ अब शीर्ष पर हैं जबकि ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 1433 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पिछड़ गए हैं। तीसरे स्थान पर 1416 अंकों के साथ चेक रिपब्लिक के जाकूब वादलेच हैं। चौथे नंबर पर जर्मनी के जूलियन वीबर और पांचवें स्थान पर पाकिस्तान के अरशद नदीम हैं। अगस्त 2022 से अब तक नीरज विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर थे जबकि विगत 8 महीनों से एंडरसन पीटर्स नंबर 1 पर विराजमान थे लेकिन दोहा डायमंड लीग के मैच में शानदार प्रदर्शन कर पीटर्स को पीछे छोड़ते हुए नीरज अब दुनिया के नंबर वन जेवलिन थ्रोअर बन गए हैं। वैसे नीरज टोक्यो ओलंपिक में इतिहास रचने के बाद से ही विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले साल अमेरिका के ओरेगन में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर नीरज विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। विश्व चैंपियनशिप में भारत अब तक केवल दो पदक ही जीत सका है। पहली बार 2003 की विश्व चैंपियनशिप में लांग जंपर अंजू बॉबी जॉर्ज ने पेरिस में कांस्य पदक जीता था। उसके बाद 19 वर्षों से भारत विश्व चैंपियनशिप में पदक के लिए तरस रहा था और उस लंबे इंतजार को अपने स्वर्णिम प्रदर्शन से खत्म किया था नीरज चोपड़ा ने, जिन्होंने ओरेगन विश्व चैंपियनशिप में क्वालिफिकेशन में 88.39 मीटर के साथ फाइनल में जगह बनाई और पदक राउंड में 88.13 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके रजत पदक जीतकर इतिहास रच डाला था। विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में भारत का वह पहला रजत पदक था। उस चैंपियनशिप के फाइनल में तीन बार 90 मीटर के मार्क को पार करते हुए 90.54 मीटर की दूरी के साथ एंडरसन पीटर्स स्वर्ण पदक जीतकर विश्व चैंपियन बने थे। नीरज ने जुलाई 2022 में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा हासिल करने के बाद 89.08 मीटर के अपने पहले ही थ्रो के साथ लुसाने डायमंड लीग 2022 भी जीती थी और तब डायमंड लीग जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने थे। उसके बाद ज्यूरिख में डायमंड लीग में उन्होंने 89.63 मीटर की दूरी पर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर भी है। लगातार ऐसी ही सफलताएं हासिल करने के कारण ही उन्हें अब भारतीय एथलेटिक्स की अभूतपूर्व सफलता का अग्रदूत कहा जाने लगा है। अब नीरज का लक्ष्य अपने भाले से 90 मीटर की दूरी को छूना है। वैसे 24 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के पानीपत जिले के खांद्रा गांव में एक छोटे से किसान के घर पर जन्मे नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलम्पिक में इतिहास रचने से पहले भी कई बड़ी-बड़ी चैंपियनशिप जीत चुके हैं। भारतीय सेना में कार्यरत नीरज ओलंपिक में बेमिसाल जीत दर्ज कराने से पहले कुछ बड़े मेगा स्पोर्ट्स इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय पहले ही दे चुके हैं। नीरज एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन चैंपियनशिप, साउथ एशियन गेम्स और विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम कर चुके हैं। एशियाई खेलों के इतिहास में अब तक भाला फेंक में भारत को दो ही पदक मिले हैं और नीरज पहले ऐसे भारतीय एथलीट हैं, जिन्होंने एशियन खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उनसे पहले वर्ष 1982 में गुरतेज सिंह को कांस्य पदक मिला था। बहरहाल, टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक खेलों में भारत के खाते में स्वर्णिम इतिहास दर्ज कराने वाले नीरज चोपड़ा को पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। 2021 में वह राष्ट्रीय खेल रत्न पुरस्कार, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक के अलावा कुछ अन्य स्पधाओं में भी स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम कर चुके हैं। इस वर्ष नीरज से कई आगामी टूनामेंटों में भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। 27 जून को वह गोल्डन स्पाइक ऑस्ट्रावॉ, 30 जून को लुसाने डायमंड लीग, 21 जुलाई को मोनाको डायमंड लीग, 19-27 अगस्त को विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप हंगरी, 31 अगस्त को ज्यूरिख डायमंड लीग, 16-17 सितंबर को युनिज डायमंड लीग फाइनल और 23 से 8 अक्तूबर के बीच होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेंगे। नीरज चोपड़ा का कहना है कि अब उनका लक्ष्य 2024 के पेरिस ओलंपिक में इसी निरंतरता को बरकरार रखना है। उन्हें उम्मीद है कि अगली स्पधाओं में भी वह नंबर-1 ही रहेंगे और इस सीजन में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाली विभिन्न स्पधाओं में भी नीरज अपने ऐसे ही स्वर्णिम प्रदर्शन से भारत को गौरवान्वित करते रहेंगे।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



राष्ट्रपति परम आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी की मुख्य उपस्थिति में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में माननीय राज्यपाल श्री सी पी राधाकृष्णन जी के साथ शामिल हुआ। इस शुभ अवसर पर संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



चढ़ावे वाली पोस्ट के बाद पता चला कि स्थिति बहुत भयावह है। प्रखंड स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक, पूरा तंत्र धनउगाही में लगा है। सरकारी हैंडपंप के लिए कमीशन, प्रमाण पत्र के लिए कमीशन, राशन कार्ड के लिए कमीशन, पेंशन योजना से जोड़ने के नाम पर कमीशन, म्यूटेशन के लिए कमीशन, सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों से कमीशन, सरकारी दफ्तर मतलब, कमीशन... ऐसा लगता है कि कुछ अधिकारियों और सत्ताधारियों के बीच झारखंड और झारखंडियों को लूटने का कम्पिटीशन चल रहा है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# पीएम मोदी के नेतृत्व में इतिहास रचती केंद्र सरकार

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लंबे समय से कार्य करके अपनी छाप छोड़ चुके नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय राजनीति का असली सफर 26 मई 2014 से उस वक्त शुरू हुआ जब राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित समारोह में उन्होंने भारत के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। हालांकि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान ही मोदी अपनी ओजस्वी वाकपटुता व दमदार व्यक्तित्व के दम पर देश के आम जनमानस के बीच बेहद कम समय में जगह बनाने में कामयाब हुए और इस चुनाव में अपनी अथक मेहनत के दम पर भाजपा को शीर्ष पर पहुंचा दिया। उसके बाद भी बहुत सारे ऐसे क्षण आये जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने बार-बार इतिहास रचने का कार्य किया। आज अधिकांश देशवासियों का मत है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां भाजपा को देश व दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाकर संगठनात्मक स्तर पर इतिहास रचने का कार्य किया है, वहीं नौ वर्षों के शासनकाल में मोदी सरकार ने अपने बहुत सारे साहसिक निर्णयों से इतिहास रचने वाली बेमिसाल उपलब्धियां हासिल की हैं। आम जनमानस का मानना है कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में देशवासियों के लिए शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवहन, सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रदूषण नियंत्रण, सहकारिता के क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, रक्षा क्षेत्र, देश के विभिन्न क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट आदि के लिए बहुत कार्य किया है। उनके नेतृत्व में देश में निरंतर आम जनमानस के हित के लिए बहुत सारी जनहितकारी योजनाओं को केन्द्र सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है। भयावह कोविड महामारी के काल में 80 करोड़ लोगों को राशन उपलब्ध करवाना व सभी देशवासियों को कोविड़ महामारी से सुरक्षित रखने के लिए टीका लगवाना मोदी सरकार के कार्यों की एक बानगी मात्र है। आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय सड़कों का जाल पूरे भारत में बना दिया गया है, सड़क निर्माण के क्षेत्र में आये दिन केन्द्र सरकार नित-नए कीर्तिमान बनाने का कार्य कर रही है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर दशकों से चले आ रहे एक गहरे जख्म को पूरी तरह से ठीक करने का कार्य करते हुए, हर देशभक्त भारतीय को गर्व से परिपूर्ण करने का कार्य किया। अब देश को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नव निर्मित संसद भवन देने जा रही नरेन्द्र मोदी की सरकार इस क्षेत्र में भी कीर्तिमान रचने जा रही है। देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए जिस तरह से सीमावर्ती क्षेत्रों में मोदी सरकार में सड़क निर्माण का बहुत तेजी से कार्य हुआ वह काबिल-ए-तारीफ है। देश में काले धन व भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नोटबंदी का निर्णय इतिहास में दर्ज हो गया है। आज भारत की सेना चीन व पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का कार्य कर रही है। सेना के सपूतों को जंग लगे पुराने हथियारों व अन्य सभी पुराने व घटिया स्तर के साजो-सामान से मुक्ति देने और नित नए अत्याधुनिक हथियार व साजो-सामान खरीद का काम निरंतर किया जा रहा है। भारत में हथियारों का निर्माण करके सेना के सभी अंगों का विश्वस्तरीय आधुनिकीकरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गांव, गरीब व किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। गरीबों के लिए पक्का घर, हर घर शुद्ध पेयजल और 80 करोड़ लोगों के राशन की उपलब्धता सुनिश्चित हुई। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि शुरू की गई। देश के विकास की प्रथम सीढ़ी गांव व किसानों की आय को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। स्किल डेवलपमेंट योजना के तहत लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा। आज मंदी के वैश्विक दौर में भी भारत की अर्थव्यवस्था बेहद मजबूती के साथ खड़ी है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



आर्थिक सशक्तीकरण में महिलाओं को सशक्त करना अहम पहलू है। इसमें स्वयं सहायता समूहों का कितना महत्व हो सकता है, यह साबित हो चुका है। राज्य में 225 स्वयं सहायता समूह से 22 लाख महिलाओं को जोड़ा जा चुका है। झारखंड के 14 हजार से ज्यादा ऐसे गांव हैं, जो वन उपज से सीधे जुड़े हुए हैं। लाह, इमली, करंज और शहद जैसे कई वन उपज का उत्पादन कर रहे हैं। एमएसपी तय नहीं होने के कारण उन्हें बाजार मूल्य से काफी कम कीमत मिलती है। लाह दो सौ रुपये किलो के हिसाब से खरीदा जाता है। बिचौलिए उसी लाह को नौ सौ रुपये किलो के हिसाब से बेचते हैं। सरकार ने सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज फेडरेशन का गठन किया है। इसके माध्यम से उनके वन उपज को एकत्रित करने की योजना है। उम्मीद की जानी चाहिए कि किसानों को इसका बाजार मूल्य दिया जा सकेगा। महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पादित उत्पादों को पलाश ब्रांड के जरिए बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह काफी खुशी की बात है कि पलाश ब्रांड के तहत महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की मांग जिस तेजी से बढ़ रही है, उसकी तुलना में उत्पादन नहीं हो रहा है। कहने का मतलब यह कि इसका भविष्य काफी उज्जवल दिख रहा है। ऐसे में उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में काम करने की जरूरत है ताकि अधिक से अधिक लाभ मिल सके। साथ ही वन उपज के लिए प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर जोर दिया जाना चाहिए।

**प्रभात कुमार राजन, एडमिन पब्लिक न्यूज रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

## जूनियर एशिया कप हॉकी में भारत की शानदार शुरुआत, पहले ही मुकाबले में चीनी ताइपे को 18-0 से हराया

**सालालाह ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां शुरु हुए जूनियर एशिया कप में शानदार शुरुआत करते हुए पुल ए के पहले ही मुकाबले में चीनी ताइपे को 18-0 से हरा दिया। भारतीय टीम के सामने चीनी ताइपे की टीम टिक नहीं पायी। भारतीय टीम की ओर से अरिजीत सिंह हुंदल ने चार गोल किये। अरिजीत ने 19वें, 29वें, 30वें, 59वें मिनट में ये गोल दागे। इसके अलावा अमनदीप ने 38वें, 39वें, 41वें मिनट में गोल कर हैट्रिक लगायी जबकि बॉबी सिंह धामी ने 10वें और 46वें मिनट में गाल किये। आदित्य अर्जुन ललागे ने 37वें और 39वें मिनट और कप्तान उत्तम सिंह ने 10वें और 59वें मिनट में दो-दो गोल किए। शारदा नंद तिवारी ने 11वें व अंगद बीर सिंह ने 37वें मिनलट में गोल किया। आमिर अली ने 51वें, बोबी पूवन्ना चंदूरा ने 54वें और योगंबर रावत ने 60वें मिनट में एक-एक गोल किया।



# एक के बाद एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट भारतीय फुटबॉल टीम के लिए अच्छा : गुरप्रीत सिंह संधू

**(एजेंसी)।**

भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू का मानना है कि एक के बाद एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलना टीम के लिए फायदेमंद होगा क्योंकि इससे खिलाड़ियों को अपने कौशल को चमकाने का अच्छा मौका मिलता है।भारत अभूतपूर्व संख्या में मैच खेलने के लिए तैयार है, घरेलू मैदान पर बैक-टू-बैक अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट - भुवनेश्वर में इंटरकांटिनेंटल कप और बेंगलुरु में सैफ चैम्पियनशिप, इसके बाद थाईलैंड में किंग्स कप (सितंबर) और मलेशिया में मर्डेका कप (अक्टूबर)।गुरप्रीत ने कहा, बैक-टू-बैक टूर्नामेंट हमारे लिए बहुत अच्छे हैं। हमारे सामने अच्छी संख्या में मैच हैं और यह ऐसी चीज है जिसकी मैं व्यक्तिगत रूप से सराहना करता हूं। मुझे नहीं लगता कि हमने पहले कभी ऐसा किया है।उन्होंने कहा, इस तरह के टूर्नामेंट हमेशा एक चुनौती होते हैं, लेकिन वे अच्छी टीमों के खिलाफ हमारे कौशल को चमकाने और यहां तक कि कुछ सिल्वरवेयर जीतने का भी एक बड़ा अवसर प्रदान करते हैं।वर्तमान में, कतर में अगले साल जनवरी में होने वाले एएफसी एशियन कप की तैयारी के रास्ते पर, ब्लू टाइगर्स इंटरकांटिनेंटल कप से पहले भुवनेश्वर में अपने प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।उन्होंने कहा, एशिया कप हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें मिलने वाले हर अवसर पर अधिक प्रतिस्पर्धी खेल खेलने की जरूरत है, जो एशियाई कप की तैयारी में हमारे लिए अच्छा होगा। टीम को एक साथ लाने के लिए, प्रत्येक के साथ अधिक समय बिताएं दूसरे, और टीम के खेलने के सर्वोत्तम तरीकों का पता लगाना हमारे लिए अच्छा होगा। भारत ने 40 खिलाड़ियों के साथ भुवनेश्वर में अपना शिविर शुरू किया, इससे पहले कि कोचिंग स्टाफ द्वारा कुछ दिनों के कठोर शारीरिक परीक्षण के बाद टीम को 27 तक छोटा कर दिया गया।गुरप्रीत ने कहा, शिविर में पिछले कुछ दिन अच्छे रहे हैं। बहुत सारे परीक्षण किए गए हैं, जहां हमें विभिन्न परिस्थितियों में रखा गया है। ओडिशा में सुविधाएं हमारे लिए अद्भुत रही हैं। भुवनेश्वर में वह सब कुछ है जो एक खिलाड़ी मांग सकता है। प्रशिक्षण सुविधाओं, ड्रेसिंग रूम, रिकवरी, जिम और फिटनेस उपकरणों के मामले में, यह सब शीर्ष पायदान पर है। एक खिलाड़ी के रूप में, आप वास्तव में हर प्रशिक्षण सत्र में जाना चाहेंगे।भारतीय गोलकीपर को लगता है कि टीम का कोर पिछले साल की तुलना में काफी स्थिर रहा है, खिलाड़ियों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, पिच पर सुरक्षित स्थिति के मामले में कुछ भी स्थायी नहीं है, लेकिन कई खिलाड़ी पिछले साल से लगातार टीम में हैं और ऐसा इसलिए है क्योंकि वे सभी प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर हम उम्मीद करते हैं कि टीम कुछ जगह जाएगी तो यह निरंतरता बहुत महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार



### यूटीटी लीग के लिए शरत, साथियान और मनिका को फ्रैंचाइजियों ने बरकरार रखा

**मुंबई ।** दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल और जी साथियान को उनकी फ्रैंचाइजियों ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के चौथे सत्र के लिए अपने साथ बनाये रखा है। साथियान को गत चैंपियन चेन्नई लायंस ने जबकि दबंग दिल्ली टीटीसी ने साथियान को अपने साथ रखा है। वहीं महिला खिलाड़ी मनिका बत्रा इस बार भी बेंगलुरू स्मैशर्स की ओर से खेलती हुई दिखेंगी। मानव ठक्कर को यू मुंबा टीटी ने शामिल किया है। पुणे के बालेवाड़ी खेल परिसर में 13 से 30 जुलाई तक खेली जाने वाली लीग के इस सत्र में  छह टीमें भाग लेंगी। इसमें बेंगलुरू स्मैशर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुणेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुंबा टीटी हैं। वहीं हाल ही में यूटीटी के चौथे सत्र के कोच ड्राफ्ट में हर फ्रेंचाइजी को दो कोच चयनित करने का अवसर दिया गया था। ऐसे अब सभी की नजरें मुंबई में अगले महीने होने वाले चौथे सत्र के खिलाड़ी ड्राफ्ट पर लगी हुई हैं। इसमें छह-छह खिलाड़ियों की टीमें रहेंगी। इस ड्राफ्ट में 40 खिलाड़ी रहेंगे इसमें से हर टीम दो विदेशी (एक पुरुष और एक महिला) और चार भारतीय (दो पुरुष और दो महिला) खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है।

### अपने को बुमराह का विकल्प नहीं मानते मधवाल



**(चेन्नई)** आईपीएल के पहले क्वालीफायर मुकाबले में मुम्बई इंडियंस की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले आकाश मधवाल अपने को अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का विकल्प नहीं मानते। आकाश के अनुसार टीम ने उन्हें जो जिम्मेदारियां दी थीं उन्हें वह पूरा करने का प्रयास कर रहे थे। मधवाल ने 3.3 ओवरों में ही पांच रन देकर पांच विकेट लिए थे जिससे लखनऊ की बल्लेबाजी धवस्त हो गयी थी।  मधवाल ने कहा, ''मैं टीम द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं। मैं बुमराह का विकल्प नहीं हूं हालांकि मैं जो कर सकता हूं उसे करने के लिए अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करता हूं।''मधवाल ने कहा, ''चेपक का विकेट अच्छा था। इसमें गेंद रुककर नहीं आ रही थी बल्कि तेजी से निकल रही थी जिसका मुझे लाभ मिला। मैं स्विंग गेंदबाज हूं और कठिन लेंथ पर गेंदबाजी करके अपने लिए विकेट हासिल करने का प्रयास करता हूं।''मधवाल ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा को पता है कि टीम की ताकत क्या है और कैसे उसका इस्तेमाल करना है।  उन्होंने कहा, ''कप्तान को पता है कि यॉर्कर मेरी गेंदबाज का मजबूत पक्ष है पर नेट सत्र और अभ्यास मुकाबलों के दौरान उन्हें पता चला कि मैं नई गेंद से भी गेंदबाजी कर सकता हूं।''मधवाल ने कहा, ''इसलिए उन्हें पता था कि स्थिति की जरूरत के अनुसार किस प्रकार से मेरा उपयोग करना है।''

# आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में आज होगा मुम्बई ओर गुजरात में मुकाबला

**अहमदाबाद । (एजेंसी)**

मुंबई इंडियंस की टीम शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस पर जीत के साथ ही फाइनल में जगह बनाने उतरेगी। मुम्बई की टीम पहले एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मिली बड़ी जीत से उत्साहित है। टीम के बल्लेबाजों ने इस मैच में अच्छा स्कोर बनाया था। उसके बाद गेंदबाजी के दौरान युवा आकाश मघवाल ने कमाल करते हुए पांच रन देकर पांच विकेट लिए। इससे टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। वहीं दुसरी ओर गुजरात को पहले क्वालीफायर में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसपर बेहतर प्रदर्शन का दबाव रहेगा। गुजरात के लिए सकारात्मक बात ये है कि वह अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी जिसका लाभ उसे मिलेगा।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और जोफा आर्चर जैसे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बाद भी मुंबई की यह बड़ी जीत से भी गुजरात पर दबावा पड़ेगा। मुंबई का इस सत्र में प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है पर अब लगता है कि उसकी टीम सही समय पर फॉर्म में लौट गयी है। बल्लेबाजी में टीम की जिम्मेदारी कैमरन ग्रीन, सूर्यकुमार यादव और टिम डेविड पर रहेगी। उनके अलावा युवा बल्लेबाज नेहल बढेरा भी अंतिम ओवरों में बड़ा स्कोर बना रहे हैं। रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी भी लय में है जिससे मुम्बई के इस मैच में जीतने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। इन बल्लेबाजों को रोकना गुजरात के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। गुजरात की कमान अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और स्पिनर राशिद खान पर रहेंगी।  मधवाल ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में गेंदबाजी में चमत्कारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने 3.5 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए। टीम को उनसे इसी तरह के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। ऐसे में उनका सामना करना गुजरात के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। मुंबई के अन्य गेंदबाजों में अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला और तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ ने भी अच्छी गेंदबाजी की है। पिछले कुछ मैचों में रन देने वाले तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन में लखनऊ के खिलाफ दो ओवर में सात रन देकर एक विकेट लिया जो कि मुंबई के लिए अच्छा संकेत है। गुजरात टाइटंस पहले क्वालीफायर में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से हार का सामना करने के बाद इस मैच में उतरेगी। उसे लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। गुजरात के सभी खिलाड़ियों ने अभी तक अहम योगदान दिया है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल शानदार फार्म में हैं। इसके अलावा विजय शंकर ने अच्छा प्रदर्शन किया है। शुभमन चेन्नई के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन लीग चरण के अंतिम दो मैचों में शतक लगाने वाला यह सलामी बल्लेबाज मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगा।

शुभमन ने गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी अच्छी तरह से संभाली है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने अभी तक 15 मैचों में 722 रन बनाए हैं। गुजरात की सर्वाधिक रन के मामले में विजय शंकर दूसरे नंबर पर हैं। शंकर के नाम पर अभी 12 मैचों में 301 रन दर्ज हैं। गिल को इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाकर आरसीबी के फाफ डुप्लेसी से ऑरेंज कैप हासिल करने के लिए केवल आठ रन की जरूरत है।

गुजरात के लिए हालांकि कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब प्रदर्शन चिंता का कारण है। उन्होंने पिछले पांच मैचों में केवल 45 रन बनाए हैं। मध्यक्रम में डेविड मिलर भी बड़ी पारी खेलने में विफल रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मैच रोमांचक होना तय है

## एएफसी अंडर 23 एशियाई कप फुटबॉल क्वालीफायर में भारतीय टीम चीन, यूएई से खेलेगी

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**



अगले साल कतर में होने वाले एएफसी अंडर 23 एशियाई कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वालीफायर्स मुकाबले के लिए कुआलालंपुर स्थित मुख्यालय में ड्रॉ निकाले गये हैं। इसमें भारतीय टीम को ग्रुप जी में जगह मिली है। भारतीय टीम के साथ इसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मालदीव और चीन की टीमें हैं। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के मैच छह से 12 सितंबर के बीच चीन में होंगे। भारतीय टीम का पहला मैच छह सितंबर को मालदीव से होगा। इसके बाद वह नौ सितंबर को चीन और 12 सितंबर को संयुक्त अरब अमीरात यूएई से खेलेगी  क्वालीफायर्स में कुल 43 टीमें भाग लेंगी इन्हें 11 ग्रुप में रखा गया है। इनमें 10 ग्रुप में चार चार जबकि एक ग्रुप में तीन टीमें रखी गयी हैं। प्रत्येक ग्रुप के मैच एक ही आयोजन स्थल पर राउंड रोबिन आधार पर होंगे। इसमें से प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम के साथ ही दूसरे स्थान की चार सर्वश्रेष्ठ टीमें अंडर 23 एशिया कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। कतर को मेजबान होने के कारण इस टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश दिया गया है। यह टूर्नामेंट अगले साल 15 अप्रैल से तीन मई तक खेला जाएगा। एएफसी अंडर 23 एशियाई कप पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफायर होगा। इस प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीमों को ओलंपिक में जगह मिलेगी जबकि चौथी टीम प्लेऑफ में उतरेगी।



रोम में इटालियन कप फुटबॉल में जीत के बाद उत्साहित एफसी इंटर टीम ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती हुई।

## आईपीएल फाइनल देखने भारत आयेंगे बांग्लादेश , श्रीलंका और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष

**एशिया कप विवाद का निकलेगा हल**



**मुम्बई ।** इसी माह 28 मई को अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल फाइनल को देखने के लिए तीन पड़ोसी देशों बांग्लादेश , श्रीलंका और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी भारत आयेंगे। इसी दौरान एशिया कप को लेकर जारी विवाद का भी हल निकलने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने कहा कि एशिया कप के आयोजन स्थल का फैसला आईपीएल फाइनल के बाद होने वाली बैठक में किया जाएगा जिसमें एशियाई क्रिकेट परिषद (एससी) के शीर्ष पदाधिकारी भाग लेंगे। जय शाह ने कहा,'' अभी तक एशिया कप के आयोजन स्थल को लेकर फैसला नहीं किया गया है। हम अभी आईपीएल में व्यस्त थे लेकिन श्रीलंका क्रिकेट, बांग्लादेश और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के शीर्ष पदाधिकारी आईपीएल फाइनल देखने के लिए आ रहे हैं। वहीं हम इस पर चर्चा करके सही समय पर फैसला करेंगे।  इस साल एशिया कप की मेजबानी पाक का मिली है पर भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान दौरे से माना कर दिया है। उसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से अध्यक्ष नजम सेठी ने एक 'हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रखा जिससे कि चार मैच का आयोजन उनके देश में हो सकता है। एसीसी के सूत्रों के अनुसार सेठी के इस फार्मूले के अनुसार श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और अफगानिस्तान के लीग चरण के चार मैच पाकिस्तान में होंगे जबकि भारत अपने मैच अन्य जगहों पर खेलेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मैच श्रीलंका में खेला जा सकता है हालांकि पीसीबी यह मैच दुबई में करवाना चाहता है। भारतीय बोर्ड हाइब्रिड मॉडल पर भी तैयार नहीं है जिससे विवाद गहरा गया है।

# (गोरखपुर) खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत गोरखपुर कर रहा रोइंग प्रतियोगिता की मेजबानी

**गोरखपुर । (एजेंसी)**

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत रोइंग प्रतियोगिता की मेजबानी गोरखपुर करेगा। गुरुवार शाम रामगढ़ताल एक अलग स्वरुप में नजर आ रहा था। विस्तार और अपार जलराशि से लबरेज, योगी सरकार के प्रयासों से अनुपम छटा वाले इसी रामगढ़ताल में शनिवार से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत पांच दिन तक रोइंग प्रतियोगिता का रोमांच जवां होगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न प्रांतों के विश्वविद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने गुरुवार से गर्व से गौरव के उद्घोष के बीच पूर्वाभ्यास शुरू कर दिया। पूर्वाभ्यास शुरू करने से पहले खिलाड़ी काफी देर तक उत्सुकता से रामगढ़ताल का दीदार करते रहे। गुरुवार शाम सिंगल, डबल और चार की संख्या में खिलाड़ियों ने मुख्य प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व अपनी तैयारियों की परख की।

रोइंग को पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में शामिल किया गया है। 27 से 31 मई तक चलने वाली रोइंग प्रतियोगिता में आए खिलाड़ियों की सभी सुख सुविधाओं के लिए शानदार इंतजाम किए गए हैं। 2 किमी व 500 मीटर की दूरी वाली प्रतियोगिता के लिए रामगढ़ ताल में चार लेन बनाए गए हैं।

रोइंग के प्रतियोगिता निदेशक सुधीर शर्मा ने मुताबिक रामगढ़ताल में जल क्रीड़ा कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों के भव्य स्वागत के साथ ही गोरखपुर में रोइंग प्रतियोगिता का रोमांच अभी से नजर आने लगा है। शनिवार, 27 मई से सुरम्य रामगढ़ताल में रोइंग प्रतियोगिता की धूम मचेगी।  अब तक रामगढ़ताल की पहचान सीएम योगी के प्रयास से निखरे पर्यटन स्थल की है, अब यह देश में वाटर स्पोर्ट्स के प्रमुख केंद्र के रूप में भी स्थापित होगा।

## क्रुणाल ने हारी की जिम्मेदारी स्वीकार ली, बोले मुझे वह शॉट नहीं खेलना चाहिये था

**चेन्नई ।(एजेंसी)**

लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान ऋुणाल पंड्या ने कहा है कि आईपीएल के एलिमिनेटर मुकाबले में मुम्बई इंडियंस से हाथों मिली हार की जिम्मेदारी वह लेते हैं। इस मैच में लखनऊ टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए विफल रही और उसे 81 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में मार्कस स्टोइनिस 40 के अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज रन नहीं बना पाया। मुंबई ने इस मैच में 182 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की टीम शुरुआत से ही लड़खड़ा गयी पर इसके बाद मार्कस स्टोइनिस ने पारी को संभालने का प्रयास शुरु किस इसमें उन्हें सफलता भी मिलने लगी थी पर तभी ऋुणाल ने एक बड़ा शॉट लगाने के फेर में अपना विकेट खो दिया। ऋुणाल ने माना है कि उन्हें वह शॉट नहीं खेलना चाहिए था। उन्होंने कहा, ''हम वास्तव में अच्छी स्थिति में थे। सब कुछ तब शुरू हुआ जब मैंने वह शॉट खेला था। मैं इसमें अपनी गलती स्वीकार करता हूं।  कृणाल ने कहा कि विकेट में कोई समस्या नहीं थी, इसके बाद भी उनकी टीम बेहतर बल्लेबाजी नहीं कर पाई। उन्होंने कहा, ''विकेट दोनों पारियों में समान रुप से व्यवहार कर रहा था। वहीं क्विंटन डिकॉक की जगह काइल मायर्स को शामिल करने के फैसले का भी उन्होंने बचाव करते हुए कहा कि मायर्स का रिकार्ड डिकॉक से बेहतर रहा है। इसी कारण उन्हें जगह दी गयी।

## एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में वापसी चाहते हैं बोल्ट

**क्राइस्टचर्च ।**


न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा है कि वह इस साल अक्टूबर–नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलना चाहते हैं। बोल्ट ने टी20 लीग खेलने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ सालाना अनुबंध नहीं किया है पर वह इस साल के अंत  में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलना चाहते हैं। इससे पहले बोल्ट ने कहा था कि वह अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और दुनिया भर में फेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट का अनुबंध नहीं चाहते हैं।  बोल्ट गत वर्ष हुए टी20 विश्व कप के बाद से ही टीम से बाहर हैं क्योंकि चयनकर्ताओं ने अनुबंधित खिलाड़ियों को ही टीम में जगह दी है। वहीं अब बोल्ट ने कहा,'' मेरी अब भी पूरी इच्छा है कि मैं न्यूजीलैंड की तरफ से इस आईसीसी टूर्नामेंट में खेलूं। मैं भाग्यशाली रहा कि मुझे न्यूजीलैंड की तरफ से 13 साल तक खेलने का मौका मिला। न्यूजीलैंड की टीम साल 2019 में विश्व कप फाइनल में पहुंचकर हार गयी थी पर इस तेज गेंदबाज के अनुसार उनकी टीम भारत में अक्टूबर–नवंबर में विजेता बन सकती हैउन्होंने कहा,'' मुझे याद है कि 2019 के फाइनल के बाद मैंने कप्तान केन विलियमसन से कहा था कि हमें भारत में 2023 में फिर से यहां पर पहुंचना है।  यह दुखद है कि उसका घुटना चोटिल हो गया है पर वह विश्वकप तक फिट होने के लिए अपनी तरफ से पूरे प्रयास करेगा। विश्वकप इतना शानदार टूर्नामेंट है और मैं इसमें निश्चित तौर पर भाग लेना चाहता हूं। गौरतलब है कि विलियमसन आईपीएल के शुरू में चोटिल हो गए थे और उनका विश्वकप में खेलना संदिग्ध है।



# फिल्म फतेह के लिए कड़ी मेहनत कर रहे सोनू सूद

सोनू सूद इन दिनों अपनी एक्शन फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियों में है। इस फिल्म में सोनू जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे। हाल ही में एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह इंटेंस वर्कआउट करते हुए दिखाई दिए। वीडियो में सोनू अपने टोन्ड एब्स को फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा, फतेह। सोशल मीडिया पर फैंस सोनू के इस वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं। वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, वाह क्या बात है सोनू जी। तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, इस दुनिया में सबसे फिट और सबसे दयालु व्यक्ति। फिल्म फतेह एक एक्शन थ्रिलर है, जो पंजाब पर ही आधारित है। फिल्म फतेह में सोनू एक दमदार विलेन का रोल निभाएंगे। इसे सोनू सूद की ही होम प्रोडक्शन शक्ति सागर प्रोडक्शन के बैनर तले ही तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म में उनके साथ जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हालांकि फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है।





# टाइगर श्रॉफ और वरुण धवन की स्क्रीन पर होगी भिड़ंत!

करण जौहर ने ज्यादातर फैमिली ड्रामा और रोमांटिक मूवीज बनाई हैं, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि वो भी एक्शन मूवी बनाने के लिए बेकरार हैं। खबर है कि वो टाइगर श्रॉफ और वरुण धवन के साथ एक फिल्म बनाने जा रहे हैं, जिसकी अनाउंसमेंट जल्द ही उनके बर्थडे पर होगी। कुछ कुछ होता है फिल्म से डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखने वाले फिल्ममेकर करण जौहर किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। वो 25 मई को अपना 51वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे। इससे ठीक एक दिन पहले उनकी कंपनी धर्मा प्रोडक्शन ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें ये हिंट दिया गया है कि कुछ बड़ी अनाउंसमेंट होने वाली है। करण 7 साल बाद डायरेक्शन की कुर्सी पर बैठे हैं, वो रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ कमबैक कर रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन की तरफ से 23 मई को देर रात एक पोस्ट शेयर किया गया। इसमें लिखा था, कुर्सी 7 साल बाद भरने वाली है। एक ग्रैंड सेलिब्रेशन का इंतजार है। इस पोस्ट को देखने के बाद फैंस बहुत एक्साइटेड हैं कि आखिर क्या अनाउंसमेंट होने वाली है।

एक सूत्र के मुताबिक, 25 मई को करण अपना 51वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे। इसके साथ ही वो फिल्म निर्माण की एक नई जर्नी शुरू करने का इरादा रखते हैं। फिल्म निर्माण में अब तक करण की खासियत फैमिली ड्रामा और रोमांटिक कहानियां रही हैं। हालांकि, वो एक्शन जॉनर में हाथ आजमाने के लिए बेताब हैं।

फिल्म में होंगे वरुण धवन और टाइगर श्रॉफ?

सूत्र आगे कहते हैं कि बदलाव हमेशा अच्छा होता है और फिल्म निर्माण में करण के एक्सपीरियंस को देखते हुए ये उनके लिए आसान होगा। सूत्र ने इसकी कास्टिंग का भी खुलासा किया है। कहा गया है कि टाइगर श्रॉफ और वरुण धवन को लीड रोल के लिए चुना गया है, जबकि लीड एक्ट्रेस की तलाश अभी जारी है। सूत्र ये भी कहते हैं कि करण काफी लंबे समय से कुछ नया करने की कोशिश कर रहे थे और अब यह शुरू करने का सही मौका लगता है। करण जौहर ने 25 साल पहले कुछ कुछ होता है फिल्म से डायरेक्शन में डेब्यू किया था। ये मूवी ब्लॉकबस्टर आइकॉनिक मूवी बन गई। अब करीब 7 साल के गैप के बाद वो फिर से डायरेक्टर की कुर्सी पर बैठे हैं। वो रॉकी और रानी की प्रेम कहानी बना रहे हैं, जिसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। ये फिल्म जुलाई 2023 में रिलीज हो सकती है।



# हंसिका ने कास्टिंग काउच की खबरों को बताया झूठा

हंसिका मोटवानी ने उन रिपोर्ट्स का खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि उन्होंने एक साक्षात्कार दौरान तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में अपने कास्टिंग काउच के अनुभव के बारे में बात की थी। हंसिका ने अपने ट्विटर हैंडल गुस्सा जाहिर करते हुए एक रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट भी साझा किया है। उन्होंने लिखा, यह क्वोट मैंने कहीं नहीं दिया। बकवास छापना बंद करें। बता दें कि कई ऑनलाइन प्रकाशनों ने हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट में दावा किया था कि हंसिका को फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। हालांकि, रिपोर्टों में किसी अभिनेता का नाम नहीं लिया गया था, हंसिका को यह कहते हुए उद्धृत किया गया था कि उन्होंने एक अभिनेता को सबक सिखाया था। हंसिका ने एक अलग ट्वीट में न्यूज पोर्टल्स से आग्रह किया कि वे सोशल मीडिया पर बिना तथ्यों की जांच किए खबरें उठाना और उन्हें प्रकाशित करना बंद करें। उन्होंने ट्वीट किया, रैंडम न्यूज पीस चुनने से पहले प्रकाशन से आग्रह है कि वे क्रॉस चेक जरूर कर लें। मैंने कभी भी यह टिप्पणी नहीं की है जो चल रही है, कृपया आंख बंद करके प्रकाशित करने से पहले तथ्यों की जांच करें। हंसिका मोटवानी हाल ही में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली अपनी वेडिंग सीरीज हंसिकाज लव शादी ड्रामा में नजर आई थीं। इस शो में वह अपने निजी जीवन से जुड़े गई मुद्दों पर खुलकर बात करती हुई दिखी थीं।

# 'पुष्पा 2' में नजर आ सकते हैं रणवीर

**अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म पुष्पा के सी[ ल 'पुष्पा 2' की शूटिंग कर रहे हैं। सुनने में आया है कि इस फिल्म में अब रणवीर सिंह की एंट्री होने जा रही है। रणवीर इस फिल्म में एक कॉप के रोल में नजर आ सकते हैं। बता दें कि रणवीर इससे पहले फिल्म 'सिंबा' में भी कॉप के रोल में नजर आ चुके हैं।**

एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में रणवीर उस पुलिस ऑफिसर का रोल प्ले करेंगे जो पुष्पा राज का इंट्रोडक्शन देगा। माना जा रहा है कि रणवीर का किरदार इस फिल्म में काफी अहम होगा। ऐसे में दर्शक यह जानकार काफी एक्साइटेड हैं और फिल्म के इस पार्ट से जबरदस्त एक्शन और ट्विस्ट की उम्मीद कर रहे हैं। चर्चा यह भी है कि फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार इसे और बड़ा बनाने के लिए इसमें कई सारे कैमियो रोल लेकर आएंगे। इन किरदारों को इंडस्ट्री के बड़े-बड़े कलाकार निभाएंगे। इन सभी के अलावा एक्टर फहाद फासिल को पहले ही फिल्म के लिए कास्ट किया जा चुका है। फिल्म की बात करें तो अल्लू अर्जुन ने इस साल मार्च में अनाउंस किया था कि पुष्पा 2 की शूटिंग शुरू हो चुकी है। माना जा रहा है कि इस फिल्म तीसरा पार्ट भी बन सकता है। इस बारे में डायरेक्टर सुकुमार ने बात करते हुए कहा था, हम इस फिल्म का तीसरा पार्ट बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। हमारे पास स्क्रिप्ट है और अगर प्रोड्यूसर्स को वह पसंद आ गई तो हम यकीनन ही इसका थर्ड पार्ट बनाएंगे।



# मैंने फास्ट एंड फ्यूरियस के लिए ऑडिशन दिया था

सैयामी खेर इन दिनों अपनी नई फिल्म 8 रूमेट्रो को लेकर चर्चा में हैं। सैयामी खेर इस फिल्म में एक मराठी महिला के किरदार में हैं और उनके किरदार का नाम इरावती है। इरावती नांदेड़ से हैदराबाद अपनी प्रेग्नेंट बहन की देखरेख के लिए जाती हैं। इरावती को ट्रेन में अकेले सपर करने से डर लगता है, लेकिन हॉस्पिटल जाने के लिए उनके पास यही ऑप्शन है। इसी सफर के दौरान शुरू होती है एक लव स्टोरी, और शादीशुदा इरावती की जिंदगी में एक शादीशुदा शख्स गुलशन देवैया की एंट्री हो जाती है। अपनी इसी फिल्म के बारे में बातें करते हुए सैयामी ने ढेर सारी और बातें कही हैं। सैयामी ने बताया कि उन्होंने फास्ट एंडफ्यूरियसके लिए भी ऑडिशन दिया था। सैयामी ने बताया कि इस प्रॉजेक्ट के लिए अनुराग कश्यप ने उनकी मुलाकात डायरेक्टर और प्रड्यूसर राज राचकोंडा से करवाई। सैयामी ने कहा कि उनकी अब तक की सारी फिल्मों के सेटअप काफी बड़ा रहा है, लेकिन ये फिल्म इंडिपेंडेंट थी और सेटअप काफी नया था।



# ब्लॉग में छलका अमिताभ का दर्द

अमिताभ बच्चन ट्विटर और इंस्टाग्राम के अलावा ब्लॉग पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। अमिताभ अपनी रोजमर्रा की लाइफ की हर छोटी-बड़ी बातें यहां फैन्स से खुलकर शेयर किया करते हैं। इस वक्त अमिताभ के उस लेटेस्ट पोस्ट की चर्चा है जिसमें उन्होंने कहा है कि कलाकार डर के साए में जीते हैं। उन्होंने कहा है कि कितनी आसानी से लोग परफॉर्मर्स पर आरोप लगा देते हैं, जबकि वे परफॉर्मर्स कई तरह के डर से जूझते रहते हैं। अमिताभ बच्चन ने अपने इस ब्लॉग में लिखा है, क्रिएटिविटी की कम्यूनिटी पर ये आउटसाइडर के लिए नॉन परफॉर्मेंस और अनैतिकता का आरोप लगाना बड़ा ही आसान काम है, लेकिन ऐसा शायद ही कभी कोई समझता हो कि एक क्रिएटिव्स क्रिएटिव को परफॉर्म के लिए किस- किस तरह की परीक्षा से होकर गुजरते हैं। कई बार तो ये काफी दुर्भाग्यपूर्ण होता है। उन्होंने आगे लिखा है, वे कल्पनाओं की दुनिया में जीते हैं और हम डर में जीते हैं। हमारा डर किसी दायरे के अंदर नहीं होता जैसा कि लोग धारणाएं बनाते हैं। इसके बहुत सारे पहलू हैं जिससे बहुत से लोग अनजान हैं। लेकिन किससे चर्चा करना और इसे डिस्कस करने में क्यों कीमती वक्त बर्बाद करना। वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में अमिताभ बच्चन फिल्म ऊंचाई में नजर आए थे। अमिताभ अपने अगले प्रॉजेक्ट की तैयारी कर रहे हैं। नाग अश्विन की प्रॉजेक्ट के का हिस्सा हैं अमिताभ बच्चन, जिसमें लीड रोल में प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण भी होंगी। इसके अलावा रिभु दासगुप्ता की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म सेक्शन 84 में नजर आएंगी। टाइगर श्रॉफ की फिल्म गणपत में भी अमिताभ बच्चन नजर आनेवाले हैं।





# सुनील शेट्टी ने की सलमान खान की तारीफ



एक सुपरस्टार को अपने फैन्स का भरपूर प्यार मिलता है और जब बात सलमान खान जैसे सुपरस्टार की हो तो सब कुछ डबल हो जाता है। सब जानते है कि सलमान एक ऐसे सुपरस्टार हैं जिनका दिल सोने का है, ऐसे ही नही उन्हें उनके फैन्स ने भाई का टैग दिया है। जरूरतमंद लोगों के लिए खड़ा होना होने से लेकर गरीब बच्चों की मदद करने तक, इस सुपरस्टार का दिल हर एक के लिए धड़कता है। लेकिन हमने कभी भी उन्हें उनके द्वारा किए गए नेक कामों के बारे में बात करते नही देखा हैं, हालांकि इंडस्ट्री में बाकी सब सलमान खान की इसके लिए जमकर तारीफ करते दिख जाते हैं। सुनील शेट्टी भी उसमें शामिल हैं। सुनील शेट्टी इंडस्ट्री के उन गिने-चुने लोगों में से हैं जो सलमान खान को बेहद करीब से जानते हैं और उनके साथ अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते हैं। सलमान के इतने करीब होने के कारण, सुनील शेट्टी दुनिया को यह बताने का एक मौका नहीं छोड़ते कि वह कितने विनम्र हैं और अक्सर उनकी तारीफ करते दिख जाते हैं। वह वास्तव में यह कहने में दृढ़ विश्वास रखते हैं, मैंने हमेशा कहा है कि मुझे नहीं लगता कि कोई भी सलमान को मेरी तरह जानता है। सिर्फ एक या दो बार नहीं, बल्कि कई मौके आए हैं जब सुनील शेट्टी ने सलमान खान और उनकी दयालुता के लिए सराहा है। एक बार उन्होंने कहा था, देखिए आज भी सलमान इस मुकाम पर हैं क्योंकि उनका दिल ऐसा है। फिर एक और इंटरव्यू में उन्होंने कहा, जो लोग सलमान को जानते हैं, मैं हमेशा कहता हूं कि आपको सलमान खान को जानने की जरूरत है। खैर, सुनील वास्तव में सलमान को एक गोल्डन हार्ट वाला व्यक्ति कहते हैं। तुम कुछ भी मांगो वह निकाल कर तुम्हें देगा। बोन मैरो की कमी से जूझ रहे एक बच्चे के लिए सलमान खान द्वारा अपना बोन मैरो टेस्ट करवाने की कहानी बहुत कुछ कहती है कि सलमान खान का दिल कितना बड़ा है। एक और दूसरे मौके पर, सुनील शेट्टी ने जाहिर किया, 卐मुझे अभी भी याद है कि कोई उन्हें बार-बार कॉल कर रहा था, वह गया और मैंने पूछा कि वह कहां जा रहा है लेकिन उसने मुझे नहीं बताया। उसने कहा कि मेरे पास काम है, जब हो जाएगा तो मैं वापस आ जाऊंगा, बाद में मुझे पता चला कि वह एक बच्चे के लिए अपना बोन मैरो टेस्ट कराने गया था, जिसे बोन मैरो कैंसर था और जहां तक ??मुझे पता है कि यह सबसे दर्दनाक टेस्ट होता है। उसने मुझे बताया भी नहीं, वह चला गया, टेस्ट करवा कर वापस आया, और फिर शामिल हो गए।